Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 261 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 09 अप्रैल 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



चार न बनो 1. कृतघ्न 2. अभिमानी 3. मायावी 4. दुराग्रही।

Never be like 1. Thankless 2. Proud 3. Tricky 4. Stubborn.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## ओडिशा में बनेगा भारत का सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल संयंत्र, आईओसीएल करेगा 61000 करोड़ रुपए का निवेश



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ओडिशा सरकार ने मंगलवार को भारत की सबसे बड़ी डुअल-फीड नेफ्था क्रैकर परियोजना के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया. यह समझौता पूर्वी भारत को औद्योगिक केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. इसे जगतसिंहपुर जिले के पारादीप में विकसित किया जाएगा, जो ओडिशा की ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल-आधारित विकास औद्योगीकरण की आकांक्षाओं के लिए 61,077 करोड़ रुपये का बड़ा निवेश है.

एमओयू पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा, यह पहल पूर्वी भारत के समावेशी विकास के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी योजना है, जिसमें मानव संसाधन विकास, बुनियादी ढांचे में वृद्धि और आर्थिक अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा ताकि इस क्षेत्र को %विकसित भारत% का प्रमुख चालक बनाया जा सके.

सीएम माझी ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आज का कार्यक्रम उस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. यह राष्ट्रीय विकास को गति देगा और भारत को 2030 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ाएगा. नेफ्था क्रैकर परियोजना पूर्वी भारत के लिए केंद्र के पूर्वोदय दृष्टिकोण का प्रमुख घटक होगी. यह आईओसीएल का किसी एक स्थान पर किया गया अब तक का सबसे बड़ा निवेश है.

आईओसीएल के साथ समझौता ओडिशा के ऊर्जा क्षेत्र में 70,000 करोड़ रुपये के निवेश के व्यापक अभियान का हिस्सा है, जिसमें दो अन्य समझौता ज्ञापन शामिल हैं. जाजपुर में आईएसपीआरएल की 4 एमएमटी कच्चे तेल भंडारण सुविधा शामिल है, जिसमें 8,743 करोड़ रुपये का निवेश होगा. इसी तरह, गंजाम जिले के गोपालपुर में पेट्रोनेट एलएनजी द्वारा 2,306 करोड़ रुपये के निवेश से 4 एमटीपीए एलएनजी टर्मिनल विकसित किया जाएगा. केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ये परियोजनाएं आयात के लिए गेम चेंजर साबित होंगी, आयात पर निर्भरता को कम करेंगी और भारत के ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी.

## प्रधानमंत्री मोदी ने मुद्रा योजना के लाभार्थियों से की बात, बोले- 'सपने हकीकत में बदल गए'



**नई दिल्ली (पीआईबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया और देश भर से मुद्रा लाभार्थियों को अपने आवास पर आमंत्रित किया।इस संबंध में एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि लाभार्थियों ने उनके साथ कुछ रोचक जानकारियां साझा की कि किस प्रकार इस योजना ने उनके जीवन में बदलाव ला दिया है।

पीएम मोदी ने एक 'एक्स' पोस्ट में लिखा, मुद्रा के 10 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मैंने पूरे भारत से मुद्रा लाभार्थियों को अपने आवास पर आमंत्रित किया था। उन्होंने इस योजना से उनके जीवन में आए बदलावों के बारे में रोचक जानकारी साझा की।

बातचीत के दौरान केरल के एक उद्यमी, जो संयुक्त अरब अमीरात में काम कर रहे थे, ने बताया कि किस प्रकार मुद्रा योजना से उन्हें लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इससे वे एक सफल उद्यमी बन गए हैं।

केरल के मूल निवासी ने यह भी माना कि इस योजना से उनके व्यवसाय को बढ़ावा मिला है, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इससे रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं।

योजना के एक अन्य लाभार्थी, मध्य प्रदेश के भोपाल के लवकुश मेहरा ने बताया कि पहले वह किसी के लिए काम करते थे, लेकिन बाद में मुद्रा ऋण की मदद से उन्होंने अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने यह भी बताया कि पहले साल उनका टर्नओवर 12 लाख रुपये था, जो अब बढ़कर 50 लाख रुपये से अधिक हो गया है। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, देश की जनता को बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। आप अखबार में पढ़ते हैं कि यह अमीरों की सरकार है। अगर आप सभी अमीरों का जोड़ भी दें तो भी उन्हें 33 लाख रुपए नहीं मिले होंगे। मुद्रा योजना में सबसे अधिक संख्या में महिलाएं आगे आई हैं। महिलाओं ने सबसे अधिक ऋण के लिए आवेदन किया है, सबसे अधिक ऋण प्राप्त किए हैं और उन्हें चुकाने में भी सबसे तेज हैं।

### देश के सामान्य लोगों को 33 लाख करोड़ रुपए दिए गए

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के सामान्य लोगों को 33 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। आज भारत के युवा, उनके पास जो उद्यमशीलता का हुनर है, अगर उन्हें थोड़ी सी मदद मिल जाए तो बहुत बड़े नतीजे मिलते हैं। यह मुद्रा योजना किसी भी सरकार के लिए आंख खोलने वाली है। यह योजना मेरे देश के युवाओं को अपने पैरों पर खड़े होने का साहस देने के लिए है। इसमें सबसे ज्यादा संख्या में महिलाएं आगे आई हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी लाभार्थियों को बधाई

भारत में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के दस साल पूरे होने पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस योजना ने अनगिनत लोगों को अपने उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन करने और अपने सपनों को वास्तविकता में बदलने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश का आज रायपुर दौरा

**रायपुर (विसं)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश कल यानी 9 अप्रैल को रायपुर में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैक टू बैक बैठकें करेंगे। वे आज रात रायपुर पहुंचेंगे। निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में हाल ही में हुई नियुक्तियों के बाद यह उनका पहला दौरा है। इस दौरे को साय मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने इस संबंध में जानकारी दी और बताया कि शिवप्रकाश सुबह 9:30 से 10:30 बजे तक पार्टी के महामंत्रियों के साथ बैठक करेंगे।

### अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन, राहुल व सोनिया गांधी पहुंचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस का 84वां अधिवेशन आज से अहमदाबाद में शुरू हो गया है। यह दो दिन (8 और 9 अप्रैल) चलेगा। गुजरात में 64 साल बाद पार्टी यह कार्यक्रम कर रही है। इससे पहले 1961 में भावनगर में अधिवेशन हुआ था। यह आजादी के बाद गुजरात में कांग्रेस का पहला कार्यक्रम था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी सुबह करीब 10:30 बजे अहमदाबाद पहुंचें। वहीं, कल की मीटिंग के लिए आज दो चार्टर्ड प्लेन में 80 कांग्रेस नेता अहमदाबाद पहुंचेंगे।

## बंजारा समाज का रहा है समृद्धशाली इतिहास : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री विश्व बंजारा दिवस पर विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम में हुए शामिल




**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बंजारा समाज का इतिहास बहुत समृद्धशाली रहा है। बहुत पहले से यह समाज व्यापार से जुड़ा रहा है। देश की स्वतंत्रता में भी बंजारा समाज का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

मुख्यमंत्री का बंजारा समाज द्वारा पारम्परिक बंजारा पोशाक पहना कर सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री को बंजारा समाज द्वारा प्रकाशित पुस्तिका भी भेंट की गयी। बंजारा समाज की महिलाओं ने पारम्परिक लड़ी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री ने विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम की शुरुआत बंजारा समाज के आराध्य श्री गुरुनानक देव व सन्त सेवालाल महाराज व के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर के किया। उन्होंने बंजारा समाज को विश्व बंजारा दिवस 08 अप्रैल की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंजारा समुदाय बरसों से व्यापार करता रहा है।

## प्रदेश-व्यापी सुशासन तिहार का हुआ आगाज, शहर और गांवों में लगी समाधान पेटियां

**8 से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में आमजन से लिए जाएंगे आवेदन**




**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जनता-जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए सुशासन तिहार का प्रदेशव्यापी शुभारंभ आज 08 अप्रैल से हो गया है। तीन चरणों में आयोजित होने वाला यह सुशासन तिहार 31 मई तक चलेगा। प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में सीधे आवेदन लिए जा रहे हैं। सुशासन तिहार को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, और लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर उसे ग्राम पंचायत और नगर पंचायत कार्यालयों में लगी समाधान पेटी में जमा कर रहे है।

जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायो के कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। सुशासन तिहार के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है। विकासखंडों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने हेतु समाधान पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाल रहे है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा सुशासन एवं पारदर्शिता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है। सुशासन तिहार-2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा, और एक माह के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

## विरोध के बीच वक्फ संशोधन एक्ट 2025 हुआ लागू, सरकार ने जारी की अधिसूचना




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पिछले हफ्ते संसद के दोनों सदनों से पारित हुए वक्फ संशोधन बिल 2025 कानून बन चुका है. इसको लेकर सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है. सरकार ने एक नोटिफिकेशन में कहा कि पिछले सप्ताह संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम मंगलवार से लागू हो गया है.

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के नोटिफिकेशन में कहा गया है, वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की धारा 1 के सब-सेक्शन (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार 8 अप्रैल, 2025 को उक्त अधिनियम के प्रावधानों के लागू करने की डेट को अपोइंट करती है.

बता दें कि लोकसभा और राज्यसभा ने क्रमश: 3 अप्रैल और 4 अप्रैल की मध्य रात्रि के बाद विधेयक पारित किया था. सदन से बिल पास होने के बाद इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेजा गया था, जहां उन्होंने पांच अप्रैल को प्रस्तावित कानून को अपनी मंजूरी दे दी. भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने जहां विधेयक का समर्थन किया. वहीं विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने इसका विरोध किया है. कई मुस्लिम संगठनों और विपक्षी सांसदों ने इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिसे सत्तारूढ़ गठबंधन ने पिछड़े मुसलमानों और समुदाय की महिलाओं के लिए पारदर्शिता और सशक्तिकरण का एक बल बताया है. विपक्ष ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए कहा है कि यह मुसलमानों के अधिकारों का उल्लंघन करता है. इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने याचिकाएं दायर की हैं.

## चार इनामी सहित 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**बीजापुर (विसं)।** राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे व्यापक सुरक्षाबलों के ऑपरेशन का असर अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। लगातार बढ़ते दबाव और कार्रवाई से घबराए 22 सक्रिय नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें चार नक्सली ऐसे हैं जिन पर कुल 26 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

यह आत्मसमर्पण राज्य की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। ये सभी PLG, तेलंगाना स्टेट कमेटी, CRC और ACM लेवल के नक्सली है। इन सभी को प्रशासन की तरफ से 50-50 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी गई है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन का 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान



**लिस्बन (विश्व परिवार)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन में 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान से नवाजा गया। लिस्बन के मेयर कार्लोस मोएदास ने उन्हें यह सम्मान दिया। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति ने लिस्बन के मेयर और लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लिस्बन अपने खुले विचारों, संस्कृति, सहिष्णुता और विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी बदलाव, इनोवेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और डिजिटल संक्रमण के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, पुर्तगाल एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमारे ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। भारत और पुर्तगाल के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों से चले आ रहे हैं, और इन्होंने हमारे रोजमर्रा के जीवन पर अमिट छाप छोड़ी है।

## उत्तर पूर्वी राज्यों की सैर कराने 22 अप्रैल को रवाना की जाएगी भारत गौरव डीलक्स ऐसी पर्यटक ट्रेन

### इस अनूठी यात्रा में पूर्वोत्तर भारत के 5 राज्यों- असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा और मेघालय का भ्रमण कराया जायेगा

**फर्स्ट एसी, सेकंड एसी एवं थर्ड एसी की सुविधा से युक्त स्टेट ऑफ आर्ट डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन 22 अप्रैल को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 14 रात-15 दिन के नॉर्थ ईस्ट डिस्कवरी टूर पर रवाना की जाएगी**



● पर्यटक ट्रेन में दो रेल रेस्टोरेंट पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र होंगे। विशेष रूप से तैयार पैन्ट्री कार में शाकाहारी भोजन तैयार करके परोसा जायेगा, टूरिस्ट ट्रेन में 150 यात्री यात्रा कर सकेंगे।



● ट्रेन पर यात्रियों को दिल्ली सफदरजंग, गाजियाबाद, अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर, लखनऊ व वाराणसी रेलवे स्टेशनों पर सवार होने व उतरने की सुविधा उपलब्ध होगी।

**दिल्ली (विश्व परिवार)।** भारतीय रेल, देश के पूर्वोत्तर राज्यों के पर्यटन को बढ़ाने के लिए भारत गौरव डीलक्स एसी पर्यटक ट्रेन का संचालन शुरू कर रही है। इस ट्रेन को 22 अप्रैल 2025 को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना किया जाना प्रस्तावित किया गया है। कुल 15 दिनों की इस यात्रा में पर्यटकों को असम स्थित गुवाहाटी, काजीरंगा, जोरहाट व शिवसागर, अरुणाचल प्रदेश में इटानगर, नागालैंड में दिमापुर व कोहिमा, त्रिपुरा में उनाकोटी, अगरतला व उदयपुर तथा मेघालय स्थित शिलॉन्ग व चेरापुंजी का भ्रमण कराया जाएगा।

आधुनिक साज सज्जा के साथ तैयार डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन द्वारा पर्यटकों को न केवल पूर्वोत्तर भारत के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के भ्रमण करने का अवसर प्राप्त होगा, वहाँ की सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौन्दर्य को निहारने का भी मौका प्राप्त होगा। भारत गौरव ट्रेन द्वारा संचालित यह यात्रा पूर्वोत्तर के राज्यों को रेल के द्वारा देश के अन्य हिस्सों से जोड़ेगी और घरेलू पर्यटकों को पूर्वोत्तर राज्यों के पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए प्रेरित करेगी। दिल्ली से रवाना होकर पर्यटक ट्रेन गुवाहाटी पहुंचेगी, जहां कामाख्या देवी मंदिर व उमानन्दा मंदिर का दर्शन कराया जाएगा। होटलों में रात्रि विश्राम होगा। साथ ही पर्यटक गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर क्रूज का आनंद भी ले सकेंगे। गुवाहाटी से चल कर यह ट्रेन अरुणाचल स्थित नाहरलगुन स्टेशन के लिए रवाना होगी, जहां पर्यटकों को प्रदेश की राजधानी इटानगर स्थित गोम्पा बुद्धिस्ट मंदिर और थेरावदा बुद्धिस्ट मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा।

ट्रेन का अगला पड़ाव असम के पूर्वी भाग में स्थित शिवसागर होगा, जो प्राचीन अहोम वंश की राजधानी रहा है। शिवसागर में प्राचीन शिव मंदिर व अन्य विरासत स्थलों का भ्रमण करने के उपरांत पर्यटक जोरहाट के चाय बागान देखते हुए काजीरंगा के लिए बसों द्वारा रवाना किए जाएंगे। जहां रात्रि विश्राम भी होगा और अगले दिन पर्यटकों को काजीरंगा राष्ट्रीय अभयारण्य का भ्रमण कराया जाएगा। काजीरंगा से चलकर पर्यटक फुरकटिंग रेलवे स्टेशन जाएंगे, जहां से ट्रेन पर सवार होकर त्रिपुरा की राजधानी अगरतला के लिए रवाना होंगे।

त्रिपुरा में पर्यटक दो दिनों के अंदर उनाकोटी के विरासत स्थल और अन्य ऐतिहासिक स्मारकों जैसे उजयंता महल व नीर महल का भ्रमण करेंगे। साथ ही पर्यटकों को उदयपुर स्थित शक्तिपीठ त्रिपुर सुंदरी मंदिर का दर्शन भी कराया जाएगा। यहाँ से ट्रेन अपने अगले पड़ाव नागालैंड स्थित दिमापुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना होगी, इस यात्रा में बदरपुर से लेकर लूमडिंग रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित प्राकृतिक सौन्दर्य का आनंद भी ट्रेन यात्रा के माध्यम से लिया जा सकेगा।

दिमापुर से पर्यटक बसों द्वारा नागालैंड की राजधानी कोहिमा जाएंगे, जहां कोहिमा शहर के दर्शनीय स्थानों के भ्रमण के साथ ही पर्यटकों को स्थानीय नागा समुदाय की जीवन शैली को देखने के लिए खोनोमा गाँव का भ्रमण के साथ ही कोहिमा में रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी कराई जाएगी। दिमापुर से ट्रेन अगले दिन गुवाहाटी के लिए प्रस्थान करेगी। गुवाहाटी पहुँच कर पर्यटकों को बसों द्वारा मेघालय की राजधानी शिलांग ले जाया जाएगा, जहां पर्यटक प्रसिद्ध ऊमियम झील व अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे। शिलांग में रात्रि विश्राम के पश्चात अगले दिन पर्यटक बसों द्वारा चेरापूंजी के आकर्षक प्राकृतिक स्थलों, सुंदर झरनों व प्राचीन गुफाओं को देखेंगे और शाम को गुवाहाटी के लिए रवाना हो जाएंगे। गुवाहाटी से रात्रि काल में ट्रेन पर्यटकों को लेकर दिल्ली वापसी के लिए प्रस्थान करेगी व यात्रा के 15वें दिन दिल्ली पहुंच जाएगी। इस दौरान ट्रेन द्वारा लगभग 5800 किमी की यात्रा पूरी की जाएगी।

### यात्रा के दौरान भोजन की व्यवस्था

यात्रा के दौरान एसी प्रथम, एसी द्वितीय पर्यटकों को ट्रेन की पैन्ट्री में निर्मित शुद्ध शाकाहारी भोजन ट्रेन के रेस्टोरेंट में परोसा जायेगा। एसी तृतीय श्रेणी के पर्यटकों को उनकी बर्थ पर पैन्ट्री में निर्मित शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस पूर्णतया वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन में एसी प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी और एसी तृतीय के यात्री कोच के अतिरिक्त दो रेल डाइनिंग रेस्तरां एक आधुनिक किचन कार व यात्रियों के लिए फुट मसाजर, मिनी लाइब्रेरी, आधुनिक एवं स्वच्छ शौचालय और शॉवर क्यूबिकल आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड, इलेक्ट्रॉनिक लॉकर एवं सीसीटीवी कैमरे भी प्रत्येक कोच में उपलब्ध रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### रायपुर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 08.04.25 को शाम 16:30 बजे समस्त रायपुर स्टेशन उपभोक्ता सलाहकार समिति 2024-2025 एवं मुख्य स्टेशन प्रबंधक श्री आर पी मंडल एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक और अन्य स्टेशन सुपरवाइजर्स के साथ SRUCC के साथ पहली बैठा हुई,सभी सदस्य श्री विजय पटेल जी, श्री कांति पटेल जी, श्री राजेश सिंहजी, श्री महेन्द्र कुमार बागडोदिया जी, श्री मंजू विरेन्द्र साहू जी बैठक में उपस्थित हुए सर्वप्रथम मुख्य स्टेशन प्रबंधक ने रेलवे के विषय में सभी को जानकारी दी एवं यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाएं और भविष्य में और कई सुविधाएं प्रदान के विषय में बताया , उसके बाद सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे। जिससे कि रायपुर रेलवे स्टेशन यात्रियों को और अधिक सुविधा प्रदान की जा सके। मुख्य रूप से सदस्यों ने स्टेशन पर गर्मी के समय पानी की उपलब्धता को और बढ़ाने की बात कही। दिव्यागों के लिए बैटरी व्हीकल बढ़ाने की सुझाव दिए। पार्किंग में शेड की व्यवस्था होनी चाहिए इत्यादि।

### मेरामण्डली-हिन्दोल रोड़ रेलवे लाइन को मेरामण्डली स्टेशन से जोड़ने का कार्य, फलस्वरूप रद्द की गई कुछ गाड़ियों को रिस्टोर कर परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रोड रेल मंडल के अंतर्गत मेरामण्डली-हिन्दोल रोड़ रेलवे लाइन को मेरामण्डली स्टेशन से जोड़ने का कार्य ब्लॉक लेकर किया जायेगा, इसके फलस्वरूप कुछ गाड़ियों को रद्द करने की घोषणा की गयी थी। इसके संदर्भ में 03 अप्रैल 2025 को मुख्यालय से जारी किया गया था 7 अब यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये इनमें से कुछ यात्री गाड़ियों को रिस्टोर कर परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी। विवरण इस प्रकार है- दिनाँक 18 अप्रैल 2025 को गांधीधाम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12993 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया लखौली-टिटिलागढ़-रायगड़ा-विजयनगरम-ब्रम्हपुर-खुर्दारोड होकर पुरी जायेगी। 21 अप्रैल 2025 को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया खुर्दारोड-ब्रम्हपुर-विजयनगरम-रायगड़ा-टिटिलागढ़-लखौली होकर गांधीधाम जायेगी। 15 एवं 22 अप्रैल 2025 को इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया ईब-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर-बलांगीर-टिटिलागढ़- विजयनगरम-खुर्दारोड होकर पुरी जायेगी। दिनाँक 17 एवं 24 अप्रैल 2025 को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया खुर्दारोड-विजयनगरम-टिटिलागढ़-बलांगीर-संबलपुर- झारसुगुड़ा रोड-ईब होकर इंदौर जायेगी।

### सुशासन तिहार 2025 : भिलाई-03 निगम कार्यालय सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर आवेदन देने रखी गयी समाधान पेटी

**भिलाई ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त निर्देश एवं जिला प्रशासन दुर्ग से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार नगर निगम भिलाई-चरौदा



द्वारा सुशासन तिहार 2025 की शुरुआत कर दी गयी है। 08 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार से 11 अप्रैल 2025 तक प्रथम चरण में निगम कार्यालय के साथ चरोदा बस्ती, बाजार चौक भिलाई-03 एवं सामुदायिक मंच सोमनी में नागरिकों की मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त किये जायेगें। दूसरे चरण में एक माह के भीतर सभी आवेदनों का निराकरण करने की कार्यवाही की जायेगी। जिसके बाद सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 05 मई से लेकर 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। भिलाई-चरौदा निगम कमिश्नर डी एस राजपूत द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम हेतु आदेश जारी कर अधिकारियों -कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गये है। आज प्रथम दिवस पर निगम कार्यालय समेत अन्य 03 जगह पर उपस्थित निगम अमले को कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए।

## सिविल लाइन में पोषण पखवाड़ा का भव्य आयोजन, महापौर ने दिखाई साइकिल यात्रा को हरी झंडी




**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज माँ सतरुपा शीतला मंदिर के पास सिविल लाइन से जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग शहरी के संयुक्त तत्वावधान में हर घर पोषण त्योहार और पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती अलका बाघमार के साथ एमआईसी सदस्य शशि साहू ने मौजूद रही।

महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने उपस्थित नागरिकों को पोषण पखवाड़ा का महत्व समझाते हुए स्वस्थ जीवन और संतुलित आहार की जरूरत पर बल दिया। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने पोषण शपथ दिलाई और पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश के साथ साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में चंप्पा साहू, पर्यवेक्षक सीमा मिश्रा, होमेश्वरी साहू, सी.पी. चंद्राकर, श्वेता सिंह, दीपमाला चोनेंद्र, शाही मानिकपुरी, रेखा नेताम, डॉ. रुबीना अंसारी और भावना निकलस सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बच्चे और नागरिक मौजूद रहे।

पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य समाज में पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर साइकिल यात्रा ने न केवल स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी आह्वान किया। कार्यक्रम की भव्यता और समाज सुधार की इस पहल को सभी ने खूब सराहा। यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## सुशासन तिहार में 83 पहुंचे समाधान पेटी तक, पहले दिन आवास से लेकर पानी निकासी का मांगा रास्ता




**रिसाली ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम रिसाली में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन तिहार में तेज गर्मी के बावजूद 83 लोग शिविर स्थल पहुंचे। समस्या मूलक आवेदन को समाधान पेटी में डाला। आवेदन में किसी ने आवास मांगा तो किसी ने घर से पानी निकासी का रास्ता मांगते आवेदन प्रस्तुत किए है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन तिहार में आम नागरिक रूचि दिखा रहे है। वे अपने समस्या मूलक आवेदन लेकर निगम द्वारा रखे गए समाधान पेटी तक पहुंच रहे है। वे अपनी समस्या मूलक और मांग भरे आवेदन का निराकरण कराने आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। उल्लेखनीय है कि पहले दिन 83 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें से 75 मांग वाले आवेदन शामिल है वही 8 आवेदन शिकायती अंदाज में प्रस्तुत किए है। नगर पालिक निगम के प्रभारी आयुक्त व कार्यापालन अभियंता सुनिल दुबे ने बताया कि सार्वधिक आवेदन पुरैना बस्ती में मिले है। आज से ही प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। आवेदनों में 75 मांग पत्र है। वहीं 8 शिकायत दूर करने का अनुरोध नागरिकों ने निगम प्रशासन से की है। उन्होंने न बताया कि शिकायत पत्रों के आधार पर कार्यवाही शीघ्र की जाऐगी।

## सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियो एवं युनियन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक का जताया आभार

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों का वर्ष 2018 से मांग था कि उनके लंबित उपादान, अवकाश नगदीकरण, जी.पी.एफ. सी.पी.एफ आदि सभी राशि का भुगतान कर दिया जाए, जिसके लिए उनकी पात्रता भी थी। छत्तीगसढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भार साधक एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव, स्थानीय वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से नगर निगम भिलाई को 15 करोड़ 21 लाख प्राप्त हुआ है। राशि प्राप्त होते ही अधिकारी/कर्मचारियों के खाते में 184 लोगो को उपादान, 80 कर्मचारियों का अवकाश नगदीकरण, 711 लोगो के जीपीएफ/सीपीएफ एवं परिवार कल्याण निधि की कटौती एवं अधिकारी/कर्मचारियो के एरियस राशि का भुगतान लंबित था। जिसकी राशि प्राप्त होते ही तत्काल भुगतान कर दिया गया।

उपादान का मतलब जो अधिकारी/कर्मचारी 33 वर्ष की सेवा पूर्ण कर लेते है, उन्हे 16 माह 15 दिन के वेतन के बराबर राशि प्रदान की जाती है। यदि कम वर्ष सेवा रहती है तो उसके अनुपात में भुगतान किया जाता है। सेवानिवृत्त के समय 240 दिन का खाते में अवकाश रहने पर उसका अवकाश नगदीकरण दिया जाता है। बाकि कटौती की राशि कटौती के अनुसार समय अवधि में भुगतान करना आवश्यक रहता है। निगम के मद में उपरोक्त राशि नही होने के कारण भुगतान होने में समस्या आ रही थी। सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियो का यही सहारा होता है। किसी को अपनी बेटी का विवाह करना था, किसी को ईलाज करवाना था, किसी को मकान बनवाना था। इस सभी के लिए अधिकारी/कर्मचारी बार-बार मांग कर रहे थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी आज



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत शासन से स्वीकृत परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का लाटरी पद्धति से आबंटन 09.04.2025 को नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय परिसर में आयोजित है। जो हितग्राही अपने मकान की लागत का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कर चुके है। उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत लाटरी सिस्टम में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह मकान अच्छे लोकेशन पर स्थित है, प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिग बोर्ड, माईल स्टोन के पीछे एवं अन्य परियोजना स्थलों में निर्मित मकानों का खुली लाटरी पद्धति से लाटरी निकाला जाएगा।

लाटरी 150 हितग्राहियो के बीच में निकाला जायेगा, इसमें 60 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांग लोगो के लिए ग्राउण्ड फ्लोर का मकान आबंटन नियमानुसार किया जायेगा। सभी हितग्राही समय का ध्यान रखते हुए सुबह 11 बजे निगम परिसर में अंशदान जमा राशि का रसीद लेकर उपस्थित हो जावें। लाटरी पुरी पारदर्शिता के साथ सबके सामने होगा।

## महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद ने विभिन्न कार्यों की स्वीकृति प्रदान की




**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** आज नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में बिन्दुवार 9 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जोन क्रं. 01 गोकुल नगर क्षेत्रांतर्गत शहर के सभी खटालों को स्थानांतरित करना था। वर्तमान में लगभग 168 खटालें संचालित हो रही है, अन्य खटालों को भी वहां पर व्यवस्थित करना है। इसलिए रोड नाली सौंदर्यीकरण एवं इलेक्ट्रिफिकेशन का उन्नयन कार्य आदि के लिए प्राक्कलन तैयार कर शासन को राशि 441.76 लाख की स्वीकृति हेतु भेजे जाने के लिए अनुसंशा प्रदान की गई। निगम क्षेत्र में स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी के लिए शेड निर्माण कार्य को विस्तृत चर्चा कर समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कराने हेतु सर्व सम्मति से पारित किया गया।

जोन क्रं. 03 अंतर्गत वार्ड क्रं. 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड, पेवर ब्लाक, ट्यूबलर पोल, मंच निर्माण कार्य को विस्तृत जानकारी के साथ पुनः महापौर परिषद में प्रस्तुत करने को कहा गया। विधायक वैशाली नगर द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र में 9 अधोसरंचना मद एवं 02 राज्य प्रवर्तित मद के कार्य को स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने एवं स्वीकृति के प्रत्याशा में महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया, चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई।

फिल्टर प्लांट से निकलने वाले वेस्ट वाटर सिंचाई एवं अन्य कार्यो हेतु उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव लाया गया था, जिसे विचार के बाद परिषद के सदस्यों द्वारा सराहना किये गये और दिये गये सुझाव के अनुसार पुनः प्रस्ताव बनाकर लाने हेतु कहा गया।

जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य हेतु शासन द्वारा 7 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हो गया है। जिसका डी.पी.आर. तैयार कर सामान्य सभा में रखे जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जोन क्रं. 02 वैशाली नगर में क्रिकेट बाक्स, फुटबाल ग्राउण्ड एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु कार्य कराये जाने का वैशाली नगर विधायक द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है। जिसे अधोसरंचना मद से स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने बाबत। स्वीकृति उपरांत निविदा आमंत्रण की अनुमति हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया था, जिसे परिषद के सदस्यों के विचार विमर्श के बाद स्वीकृति प्रदान की। महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती नेहा साहू, मालती ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/o THE SUPERINTENDING ENGINEER, CC-I, RAIPUR Phone No. 0771-2574800, 2574801Fax No. 0771-2574805
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in

**NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING**

Awarding contract for Hiring of Light Commercial Vehicle (Pickup) or Equivalent (1.7 to 2.2 Ton Capacity) for General Maintencance/Attending Breakdown under AE **Ravanbhata Zone of EE City South Dn. CSPDCL Raipur.** Vehicle with 01 No. Additional driver. Vehicle should be commercial tax paid, vehicle capacity 1.7 to 2.2 ton pick-up/ utility vehicle. All running expenditure of vehicle will be borne by contractor. The contract work will be as per guidelines of CSPDCL. The pick-up 1.7 to 2.2 ton vehicle is not older than 03 years having total run not exceeding 100000 km. will be hired for a period of 03 years. Normally the period of contract will be **Three year** on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to extend the term of contract period for further **01 years** at the same rate, terms & condition on mutual understanding between CSPDCL & contractor. GST will be paid Extra on production of actual documentary evidence.

| S. N. | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | EMD Amount (online) | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2025_02 Dt.08.04.2025 RFX No. 8100042452 | Awarding contract for Hiring of Light Commercial Vehicle (Pickup) or Equivalent ( 1.7 to 2.2 Ton Capacity) for General Maintencance/ Attending Breakdown under AE **Ravanbhata Zone of EE City South Dn. CSPDCL Raipur.** | **2131920/-** | **21320/-** | Dt. 28.04.2025 upto 02:30 PM | Dt. 28.04.2025 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

**(M.K. Verma-89373680)**
**Superintending Engineer City Circle-I, CSPDCL: Raipur**
SAVE ELECTRICITY
SAMVAD- 43473/ 3

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19649/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 08-04-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19649**
**वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801O00354** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **M/S RAJA VATIKA DUWARA SARDAR SHREE AMOLAK SINGH , INDRAPAL SINGH , GURJEET SINGH S/O HARVANSH SINGH , BHUPENDRA SINGH S/O SURJEET SINGH BHATIYA SUBHAM ADHLKHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती ----- के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAKESH PRASAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KRISHNA PRASAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर**
**(छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **दीनदयाल आवास योजनांतर्गत कोहका तिल्दा, जिला-रायपुर** में स्थित भवन **क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस 44, श्री रूपेन्द्र कुमार निषाद पिता स्व. श्री जगदीश निषाद,** के नाम से स्ववित्तिय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड/लीजडीड **दिनांक** 16.02.2023 पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर **दिनांक** 24.02.2023 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में **आबंटी श्री रूपेन्द्र कुमार निषाद पिता स्व.श्री जगदीश निषाद, निवासी-188ए. बी.एम.वाए. चरौदा जोन-02, वार्ड कं.-25 भिलाई चरौदा, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )** के द्वारा उक्त भवन को **श्री दिलजीत सिंह अरोरा पिता स्व. श्री जोगेंदर सिंह, निवासी-79 अहिवारा मार्ग चोरहा रामपुर कुम्हारी, जिला-दुर्ग ( छ.ग )** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर**
**(छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **अटल आवास योजनांतर्गत मुनगी फेस-01, जिला-रायपुर** में स्थित भवन **क्रमांक 361, श्रीमती आरती सोनी पति श्री विनोद सोनी,** के नाम से एकमुश्त स्ववित्तिय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की **लीजडीड दिनांक** 19.03.2012 पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर **दिनांक** 11.07.2012 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, **वर्तमान में श्रीमती आरती सोनी पति श्री विनोद सोनी, निवासी मकान नं.-12/256 सुभाष रोड तेलघानी नाका गंजपारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )** के द्वारा उक्त भवन को **श्री रमाकांत राठौर पिता श्री जगदीश प्रसाद निवासी वार्ड नं.-20 ग्राम नवागांव, पोस्ट पकरिया ( झूलन ) थाना मुलमुला तहसील अकलतरा, जिला-जांजगीर-चांपा ( छ.ग. )** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (**NOC**) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर**
**(छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी खिलौरा, जिला- रायपुर,** में स्थित **दीनदयाल आवास योजनांतर्गत** निर्मित भवन क्र. **एल.आई.जी -109 श्री दिनेश कुमार साहू पिता स्व.श्री मन्ना लाल साहू निवासी:- गोल बाजार, बंजारी चौंक, रायपुर तह व जिला-रायपुर ( छ.ग. )** के नाम पर इस कार्यालय से आंबटन **आदेश क्रमांक 656 दिनांक** 22.01.2009 के माध्यम से आंबटीत है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर **दिनांक** 10.05.2018 को लीजडीड निष्पादित कराने के उपरांत पत्र **क्रमांक** 1679 **दिनांक** 18.05.2018 को आधिपत्य आदेश जारी किया गया है। आंबटी **श्री दिनेश कुमार साहू पिता स्व. श्री मन्ना लाल साहू,** उक्त भवन को विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती नेहा गुप्ता पति श्री मूलचंद गुप्ता निवासी:- मातामहुल, सम्बलपुर, भोजपुर, ( ओडिसा )** के पक्ष में विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

## शिवाजी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह : अभय, प्रथम, हिमानी, पूर्वी चुने गए सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती व प्रोफेसर कॉलोनी का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह अग्रसेन भवन, पुरानी बस्ती में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रीमती रंजन बेन शाह व नगर निगम के जोन अध्यक्ष पार्षद अंबर अग्रवाल रहे।

स्कूल में वर्ष भर आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हर क्षेत्र में अपनी बेहतरीन भागीदारी व सक्रियता के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी चुने जाते है। इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार अभय सोनी, प्रथम अग्रवाल, हिमानी यदु व पूर्वी साहू को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अनुशासित विद्यार्थी के रूप में प्रिया सिन्हा, स्वर्णा जैन, जय मकवाना व भावेश शर्मा को पुरस्कृत किया गया।

वर्ष भर के कार्यक्रमों में उल्लेखनीय सक्रियता हेतु सर्वाधिक सक्रिय विद्यार्थी का पुरस्कार रौनक अग्रवाल, जिज्ञासा पटेल, आरव गुप्ता, मनन रावत, अंजलि घोष, आरोही जैस व जिया लखवानी को प्रदान किया गया। बेस्ट हाउस कैप्टन के रूप में भक्ति ठक्कर व रोशनी गोलछा (ग्रीन हाउस) तथा शिवम साहू, अमन गवई, प्रथम अग्रवाल, क्रितेश छाबड़ा (ब्लू हाउस) को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया।

शाला में समय-समय पर विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु तथा शैक्षणिक आयोजन हेतु विभिन्न कमेटियां बनाई गई है। इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ कमेटी मैंटेनेंस कमेटी को चुना गया जिनके प्रमुख के रूप में विद्यार्थियों अर्पित अवधिया, चंदन साव, अंजलि घोष और सुषमा सांतरा को पुरस्कृत किया गया। प्रतिवर्ष अलग-अलग विभागवार विद्यार्थियों के बीच से उनकी नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु छात्र व छात्रा प्रमुख बनाए जाते हैं। वर्ष 2024-25 में विद्यार्थियों का नेतृत्व करने वाले साजिया मेमन, भूमिका ठाकुर, सौम्या सोनी, सागर देवांगन, अनंत श्रीवास्तव व हिमांशु मैत्री को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सौ से ज्यादा उन विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया जिन्होंने इस वर्ष स्कूल में एक भी दिन छुट्टी नहीं ली और वर्ष भर उपस्थित रहे। इनमें कुछ विद्यार्थियों के नाम निम्नानुसार है- आन्या पंसारी, आभ्या कश्यम, जिज्ञासा सोनी, जागृति साहू, तोषी तिवारी, अंजली देवांगन, स्नेहा डोलई, कुमकुम यदु, नम्रता देवांगन, शिवाजी ठाकरे, दीक्षा सोनकर, राशि ओझा, प्रिया लक्ष्मी मथान, लेहाना देवांगन, रोजिना खातून, काव्या मंधानी, लाम्या सोनकर, दूर्वा पटेल, लक्ष्मी सोनकर, प्रिया सिन्हा आदि।

इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या नफीसा रंगवाला व रशीदा फजली ने स्वागत भाषण देकर वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि अंबर अग्रवाल ने अपने संबोधन में पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई देकर भविष्य में एक अच्छे नागरिक बनने और ज्ञान का उपयोग समाज के हित में करने की अपील की।

कार्यक्रम का संचालन फरजाना हुसैन, रूबी नासरे व रोशनी दुबे ने किया जबकि आभार प्रदर्शन रूपा साहू व स्वधा श्रीवास्तव ने किया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर बुधवार 09 अप्रैल 2025



# प्रतापपुर में दो सगी बहनों का रोका गया बाल विवाह

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदशन में जिले में बाल विवाह मुक्ति का पुरा प्रयास संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है वर्तमान प्रकरण में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल को ग्रामीण द्वारा सूचना दी गई कि विकासखण्ड प्रतापपुर के एक दुरस्थ गांव में दो सगी बहनो का बाल विवाह कराया जा रहा है सूचना पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने संबंधित क्षेत्र की पर्यवेक्षक को सत्यता की जांच करने हेतु कहा पता करने पर षिकायत की पुष्टि हुई जिसकी सूचना जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी गई जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर संयुक्त टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई जहां पाया कि सगी जुडवा बहनो के विवाह की तैयारी जोर सोर से चल रही है बच्चीयो के विवाह के कार्ड बांटे जा रहे हैं विवाह 14 अप्रैल को होने वाला है घर वालो से चर्चा करने पर उन्होने बताया कि बालिओं की लगन पत्री बन चुकी है न्योता बाटा जा चुका है अब सादी रोकना ना मुमकिन



है जिस पर जिला बाल संरक्षधण अधिकारी ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी परिजनो को दी और बताया कि यदी यह विवाह संपन्न होता है तो सभी घर वालो पर एक लाख रूपये जुर्माना एवं दो वर्ष की कारावास की सजा हो सकती है वहीं दुलहों के उपर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अतिरिक्त लैंगिक अपराध से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत भी कार्यवाही की जायेगी, दोनो बालिकाओं का उम्र 18 वर्ष होने में मात्र 3.5 महिना शेष है उसके पश्चात विवाह की जा सकती है उसके पहले यदि विवाह होती है तो अनावष्यक कानूनी कार्यवाही से गुजरना पडेगा तब जाकर घर वालो ने विवाह दोनो बालिकाओं का 18 वर्ष पूर्ण होने पर करने की सहमती प्रदान की । मौके पर पंचनामा पिता का शपथ बालिकाओं का कथन लिया गया मौके पर उपस्थित सरपंच को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की सलाह दी गई और बताया गया कि सचिव के माध्यम से प्रत्येक विवाह पर पंजीयन अनिवार्य किया जाये कम उम्र के लडके एवं लडकियां के विवाह को समझाईस देकर रोका जाये गांव में सभी को जागरूक कर इस हेतु संकल्प दिलाया जाये जिसपर सरपंच ने विष्वास दिलाया कि उनके ग्राम पंचायत में अब कभी भी बाल विवाह नही होगा इस हेतु ग्रामीणो को समझाईस दी जायेगी नही मानने पर सूचना 1098, 181 एवं 112 अथवा जिला बाल संरक्षण अधिकारी को दी जायेगी। बाल विवाह रोकवाने में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंजनी साहू, पर्यवेक्षक सूरजमती बघेल, आउट रीच वर्कर पवन धीवर, चाईल्ड लाईन से काउंसलर कु. शीतल सिंह, केष वर्कर रमेष साहू, पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक हंस राम कडेरिया, महिला आरक्षक लता सिंह, सरपंच श्रीमती इंद्रमणी, आं0बा0 कार्यकर्ता इंद्रकुमारी, फुलमती एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नवगठित शिवनंदनपुर नगर पंचायत में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा आयोजित सुशासन तिहार तिहार




**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )** नव गठित शिवनंदनपुर नगर पंचायत में आज से सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। सुशासन तिहार2025 के अन्तर्गत प्रथम चरण आज 8 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक समस्या संबंधी आवेदन पत्र हेतु शिविर का आयेजन शिवनंदनपुर नगर पंचायत कार्यालय भवन मे किया गया है।। नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुनील कुमार सिंन्हा द्वारा बताया गया की छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया गया है, जिसके प्रथम चरण में आज से 8 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक नगरवासियों के समस्या संबंधी आवेदन लिया जायेगा, द्वितीय चरण में प्राप्त आवेदन का निराकरण लगभग 1 माह के अंतराल में होगा, तृतीय चरण समाधान शिविर 5 मई से 31 मई 2025 प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदनकर्ता को दिया जायेंगा। शिविर के प्रथम चरण में नगर पंचायत शिवनंदनपुर कार्यालय मे नगरवासियों द्वारा समस्या से संबंधित ओवदन पत्र सामाधान पेटी के माध्यम से जमा किया गया, जिसमे आज 8 अप्रैल 2025 को कुल 8 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। सामाधान शिविर में पिलखा नायब तहसीलदार श्रीमती मीना सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील सिन्हा, राजस्व पटवारी संतोष सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्यामू साहू सदस्य क्रमशः शितिकांत स्वांई, मनी बग्गा, अनिता सिंह, प्रमिला साहू, धर्मेन्द्र गुप्ता सहीत काफी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्रि पर्व एवं कुदरगढ़ महोत्सव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 1664 श्रद्धालुओं को मिला उपचार

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**- चैत्र नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर दिनांक 30 मार्च 2025 से 7 अप्रैल 2025 तक आयोजित कुदरगढ़ मेला एवं 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक आयोजित कुदरगढ़ महोत्सव कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से श्रद्धालुओं को निरूशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य शिविर 30 मार्च से 10 अप्रैल 2025 तक लगातार आयोजित किए गए, जिनमें चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी मेला स्थल, देवीधाम मंदिर परिसर, परिवर्तित मार्ग, झगराखांड़ धाम, वाहन पार्किंग स्थल एवं कुदरगढ़ महोत्सव स्थल में लगाई गई थी।




कुदरगढ़ महोत्सव स्थल पर (02 से 04 अप्रैल 2025) इस अवधि में कुल 201 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया, जिसमें सिकल सेल जाँच 14, एनीमिया 26, बीपी 29, इंजरी 7, बुखार 12, पेचिश 11, कमजोरी 18, सर्दी-खांसी 36, चर्म रोग 5 तथा अन्य बीमारियाँ 43 शामिल थीं। इसके अलावा अन्य शिविर स्थलों पर कुल 1463 मरीजों की जाँच की गई, जिनमें टी.टी. इंजेक्शन 8, ए.आर.व्ही. इंजेक्शन 9, सिकल सेल 43, एनीमिया 112, बीपी 286, शुगर 204, इंजरी 125, बुखार 160, पेचिश 38, कमजोरी 121, सर्दी-खांसी 256, चर्म रोग 29 तथा अन्य 72 मरीजों को लाभान्वित किया गया। इस आयोजन के दौरान कुल 1664 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी, जिससे उन्हें बड़ा लाभ मिला।

# बीजेपी स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड 11 में भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिवंगत एवं वर्तमान भाजपा योद्धाओं को याद किया तथा भारतीय जनता पार्टी को और मजबूत कर तेजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को विश्व पटेल पर स्थापित कर देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प किया गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने दी 46वे में स्थापना दिवस के रूप में बनाने के उद्देश्यों व विचारों को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा, भाजपा जिला मंत्री श्याम पांडे ने कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सूरज सेठी ने किया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त 11 नंबर के पार्षद रविशंकर बउवा के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री सतीश तिवारी, राजेंद्र पासवान, सुबोध सिंह,पार्षद पप्पू विश्वकर्मा इंजीनियर विनय सिंह, अंकित सिंह चौहान, कन्हाई विश्वास,अलंकार नायक, सुनील सिंह, राज सिन्हा, निराकार नायक, राजू मौर्य, पंकज राय, रविंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, पूजा सिंह मुकेश राय, और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्ड वासी थे।।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने क्षेत्र वासियों से भेंट की, समस्याओं के त्वरित निदान के लिये दिये निर्देश

### जनसमस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से हो - भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने आज अपने विधायक कार्यालय नयापारा में क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस से भेंट एवं मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने संबंधित विभाग को निर्देश दिया। क्षेत्रीय विधायक श्री किरण देव ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र से आयें जनमानस से सुबह से ही विधायक कार्यालय में भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जिसमें पेयजल आपूर्ति, सडक निर्माण, नाली निर्माण, देवगुड़ी का नवनिर्माण,राजस्व संबंधी, विधुत संबंधित व अन्य समस्याओं को सुनकर तत्काल कार्रवाई करते जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण करना है उन समस्याओं को संबंधित विभाग से चर्चा कर तत्काल निराकरण किया गया। वहीं सड़क, पुलिया, नाली बोर खनन व अन्य समस्याओं को जल्द निराकरण करने की बात कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा क्षेत्र के देवतुल्य जनता से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। जनता को किसी भी तरह की समस्या व परेशानी ना हो उस संबंध में कार्ययोजना के साथ कार्य किया जा रहा है। जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

# भारतीय जनता पार्टी का गांव-गांव घर-घर चलो अभियान जारी

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलाए जा रहे गांव-गांव घर-घर चलो अभियान के तहत आज ग्राम पंचायत नैनमुर में कनकदेई माता जी की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल ने पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की।

विधायक श्री गोयल ने कहा, हमारा उद्देश्य ग्रामीणों के बीच एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। इस अभियान के माध्यम से हम न केवल भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाना चाहते हैं, बल्कि क्षेत्र की प्रगति और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रयासों को भी प्रेरित करना चाहते हैं।

विधायक श्री गोयल ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान का हिस्सा बनकर अपने गांवों और समुदायों में बेहतर बदलाव लाने के लिए काम करें।



इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, क्षेत्रवासी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने मिलकर कनकदेई माता जी से आशीर्वाद लिया और अपने गांव की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल जी, जिला पंचायत सदस्य सुश्री पदमनी कश्यप जी, जनपद अध्यक्ष, श्रीमती रामबती भण्डारी, जनपद उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, बाबुल नाग, चन्द्रकान्त भण्डारी, मिटकु राम बघेल, मेघराज ठाकुर, हरिबन्दु ठाकुर, सरपंच बंसी कश्यप, शंकर पुजारी, दशरथ, लक्ष्मण, मयतर, बोंगा, मनीराम, सन्तुराम मौर्य, लच्छिन, ढोलु, एवं देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिवानी महिला समिति द्वारा भीषण गर्मी बचाव हेतु जगह-जगह खोलें गए प्याऊ




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-स्वयं सेवी संस्था श्रद्धा महिला मंडल एस.ई.सी.एल.) बिलासपुर के तत्वाधान में किए जा रहे सामाजिक कल्याणकारी कार्यों से प्रेरित हो कर बिश्रामपुर की स्वयंसेवी संस्थान शिवानी महिला मंडल समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जगह-जगह शीतल जल व्यवस्था हेतु जगह जगह प्याऊ खोला जा रहा है। समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाते हुए , शिवानी महिला समिति बिश्रामपुर क्षेत्र के ने भीषण गर्मी को देखते हुए सात अप्रैल को गर्मी से व्याकुल आमजन ,राहगीरों के लिए कोईलांचल के 7 स्थानों पर प्याऊ घरों का शुभारंभ किया गया। जिसमें विश्रामपुर श्रेत्र में उन्नति क्लब गेट के पास ,रेहर खदान के पास,गायत्री खदान के पास,केतकी खदान के पास
,आमगांव उप श्रेत्रीय कार्यालय के पास,अमेरा उप श्रेत्रीय कार्यालय के पास ,कुमदा, बलरामपुर खदान के पासप्याऊ केंद्र खोला गया। इन सभी स्थानों में, राहगीरों को ठंडा पानी, नींबू शरबत, जलजीरा एवं रूहअफ्ज़ा शरबत, लस्सी, छाछ , गुड़, चना, तरबूज, बतासा, लड्डू एवं खीरा का वितरण किया गया,इसके अलावा रेहर खदान , गायत्री खदान, केतकी खदान के पास के प्याऊ घरों में 45 मिट्टी के घड़ो और उन्नति क्लब गेट के पास के प्याऊ घर में 50 मिट्टी के घड़ो कुल 95 मिट्टी घड़ा का वितरण गरीब महिलाओं एवं अन्य गरीब जरूरतमंद लोगों में किया गया साथ ही पक्षियों और गायों के लिए जलपात्र और जलनाद की व्यवस्था भी की गयी।

यह पुनीत कार्य शिवानी महिला समिति बिश्रामपुर क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती ममता तिवारी के नेतृत्व में शिवानी महिला समिति की अन्य सदस्याओं के सहयोग से संपन्न हुआ।

# जिला सचिव संगठन ने विशाल रैली निकाल कर शासकीय करण की मांग को ले कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजी

### रैली के दौरान अप्रिय घटना से बचने के लिए भारी संख्या में पुलिस तैनात

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-सूरजपुर जिला सचिव संगठन ने अपनी मांगों को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रमके तहत सूरजपुर के रंगमंच मैदान से कलेक्ट्रेट सूरजपुर तक रैली के माध्यम से शासकीयकरण के सम्बन्ध में श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री , विष्णु देव सायं मुख्य मंत्री छत्तीसगढ़, शासन, विजय शर्मा पंचायत मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम सचिवों के शासकीय करण के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा । रैली में जिला अध्यक्ष इन्द्रपाल तिवारी, जिला सचिव विरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, उपप्रान्ताधयक्ष चन्दन गुप्ता, ब्लाक अध्यक्ष मटुकधारी कुशवाहा ,देवराजेन्द सिंह कासिम अन्सारी, आनन्द प्रताप सिंह, लक्ष्मी पैकरा ,प्रदीप सिंह, ब्लाक सचिव दयाराम राजवाड़े जैनुल खान ,करीमन सिंह, सतीश गुर्जर ,नरेंद्र चक्रधारी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष रामकुमार राजवाड़े, शिवशंकर गोयन, शंकर राम कुशवाहा, शत्रुघ्न सांवरे ,मो.आरीफ सोमार साय, तिर्की सियाराम राजवाड़े राजकुमार सिदार ,बालचंद सिंह, दिनेश जायसवाल, निलोफर उस्मानिया, मानती सिंह ,आनबाई, ललिता यादव मनोहर ठाकुर, छत्रसाल रवि, अम्बिका राजवाड़े सहित सैकड़ों सचिवओ ने विशाल रैली निकालकर प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री पंचायत मंत्री नगरीय निकाय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर शासकीय कारण की मांग रखी इस दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह भारी संख्या में पुलिस प्रशासन में पुलिस कर्मियों को तैनात करके रखी थी जबकि सचिव संगठन के सदस्य शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को लेकर रैली निकाली और प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री नगरी पंचायत मंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

**13 मार्च से सचिव संगठन आंदोलन पर है पंचायत का विकास कार्य ठप** - उल्लेखनीय है कि सचिव संगठन पिछले 13 मार्च से अपनी मांगों को लेकर विभिन्न तरीके से आंदोलनरत है जिससे प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत का कार्य ठप है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि सचिवों की इस जायज मांगों को निदान हेतु उनसे बात करने हेतु पहल करें तथा इस समस्या को निदान करें। ताकि प्रदेश की ग्राम पंचायत में शान से चलाए गए पंचायती राज की गति सुचारू रूप से चल सके।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर बुधवार 09 अप्रैल 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

### बीमा धारकों के साथ चतुराई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मेडीक्लेम पॉलिसी को लेकर बीमाधारकों के हित में महत्त्वपूर्ण फैसला दिया है। अदालत ने कहा है कि किसी व्यक्ति को मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के चिकित्सा व्यय के मुआवजे से नहीं काटा जा सकता। पीठ ने कहा कि मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार द्वारा प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा दिलवाने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्त्तव्य भी है। अदालत ने कहा कि मृतक द्वारा किए गए दूरदर्शितापूर्ण वित्तीय निवेश का लाभ अपराधी नहीं उठा सकता। मामले में बीमा कंपनी का दावा था कि चिकित्सा व्यय भी मेडीक्लेम पॉलिसी के हिस्से के रूप में प्राप्त बीमा राशि के अंतर्गत आता है। यह तर्क बेहद दुखद है कि बीमाकर्ता का कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि अपने देश में अभी भी बीमा कराने के प्रति लोग ज्यादा जागरूक नहीं हैं। मगर वाहन बीमा सड़क पर निकले चालक के लिए काफी सुविधाजनक व्यवस्था साबित हो रही है। 30ï आबादी अभी भी स्वास्थ्य बीमा से वंचित बताई जाती है। उक्त मामले में यदि बीमाधारक द्वारा दोनों तरह का बीमा लिया गया था तो उसे दोनों का लाभ मिलना उचित कहा जाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा और वाहन बीमा के लिए वह अलग-अलग प्रीमियम का भुगतान कर रहा है तो उसके अधिकार से वंचित किया जाना कंपनियों की नीयत में खोट दर्शाता है। बीमा कंपनियां अभी भी धारकों को मुआवजा देने में भारी कोताही करती पाई जाती हैं। तमाम नियम-कायदों के बावजूद वन-विंडो प्रणाली संभव होती नहीं नजर आती। बीमा कंपनियों में सार्वजनिक के साथ ही निजी क्षेत्र भी शामिल है। बावजूद इसके बीमाधारकों से किए वादों को पूरा करने में विभिन्न अड़चनें लगाई जाती हैं। कंपनियों का मानना है कि उनके समक्ष भी तमाम समस्याएं हैं। बीमाधारकों द्वारा गैर-वाजिब, झूठे या गलत तरीके से किए गए दावों से भी वे त्रस्त रहती हैं। मगर यह मामला काफी अलग है जिसमें बीमा कंपनियों ने मुआवजे के लाभकर्ता के प्रति न केवल अमानवीय रवैया रखा, बल्कि उचित लाभ देने में कटौती का प्रयास भी प्रयास किया। अदालत को इन पर आर्थिक दंड लगाना चाहिए ताकि भविष्य में वे बीमाधारकों के साथ चतुराई करने से बाज आएं।

## आलेख

### भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का बड़ा योगदान

प्रह्लाद सबनानी

भारत में लगभग 60 फीसद आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 फीसद के आसपास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में गरीबी को समूल नष्ट करना है तो इस क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू करने ही होंगे। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत विश्व में सबसे अधिक तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह कठिन है क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा। भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं, परंतु अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैंकों से पर्याप्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा का लाभ देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है। भारतीय कृषि आज भी मानसून पर निर्भर है। ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। इस समस्या को हल करने के लिए प्रति बूंद अधिक फसल की रणनीति पर काम किया जा रहा है, एवं सूक्ष्म सिंचाई पर बल दिया जा रहा है ताकि खेती में पानी के उपयोग को कम किया जा सके तथा जल संरक्षण के साथ सिंचाई की लागत भी कम हो सके। देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है। ये किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण-पोषण कर पा रहे हैं। इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है। इन तरह की समस्याओं के हल के लिए केंद्र सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए प्रति वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य में, मुद्रास्फीति को ध्यान में रखकर, वृद्धि करती रहती है। इससे किसानों को लाभ हो रहा है। भंडारण सुविधाओं (गोदामों एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण) में खासी वृद्धि हुई है। परिवहन सुविधाओं में सुधार के चलते किसान कृषि उत्पादों को लाभ पर बेचने में सफल हो रहे हैं। इन सुविधाओं में कमी के चलते किसान कृषि उत्पादों को बाजार में बहुत सस्ते दामों पर बेचने पर मजबूर हुआ करता था। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना भारी मात्रा में की जा रही है। इससे कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है। कृषि उत्पादों की बर्बादी रोकने में सफलता मिल रही है। उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि उर्वरकों के उपयोग की आवश्यकता कम हो एवं कृषि उत्पादकता बढ़े। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भी किसानों की मदद कर रही है। राष्ट्रीय कृषि बाजार को स्थापित करने के प्रयास जारी हैं ताकि किसान सीधे ही उपभोक्ता को फसल बेच सके। कृषि फसल बीमा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि सूखे, अधिक वर्षा, चक्रवात, अतिवृष्टि, अग्नि आदि जैसी आपदाओं से प्रभावित फसल के नुकसान से किसान को बचाया जा सके। करोड़ों की संख्या में किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं। खेती किसानी का काम पूरे वर्ष भर नहीं होता। इसलिए किसानों के लिए अतिरिक्त आय के साधन निर्मित करने के उद्देश्य से पशुपालन, मधुमक्खी पालन, पोल्ट्री, मत्स्य पालन आदि कृषि सहायक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। दुनिया के प्रमुख खाद्य पदाथरे यथा गेहूं एवं चावल का भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। कई सूखे मेवों, कृषि आधारित कपड़े, कच्चे माल, जड़ फसलों, दालों, मछली पालन, अंडे, नारियल, गन्ना एवं कई सब्जियों का बड़ा उत्पादक है। पिछले कुछ वर्षो के दौरान भारत 80 प्रतिशत से अधिक कृषि उपज फसलों (काफी व कपास जैसी नकदी फसलों सहित) के साथ दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुद्रा योजना के लाभार्थियों से बातचीत की........

- प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के रायपुर की एक महिला उद्यमी और 'हाउस ऑफपुचका' की संस्थापक से बातचीत
- उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मुद्रा योजना का परिवर्तनकारी प्रभाव है: प्रधानमंत्री
- इस योजना के तहत 52 करोड़ ऋण वितरित किए गए हैं, जो विश्व स्तर पर अद्वितीय उपलब्धि है: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली सीबीसी -शा.श्रोत



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में 7, लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुद्रा योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा अतिथियों के स्वागत के सांस्कृतिक महत्व का उल ?लेख भी किया । उन्होंने प्रतिभागियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया । श्री मोदी ने, पालतू पशुओं की आपूर्ति, दवाओं और सेवाओं के उद्यमी बने एक लाभार्थी से बातचीत करते हुए, चुनौतीपूर्ण समय के दौरान किसी की क्षमता पर विश्वास करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला । उन्होंने लाभार्थी से ऋण स्वीकृत करने वाले बैंक अधिकारियों को आमंत्रित करने और ऋण के कारण हुई प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए कहा । श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की कार्रवाइयों से न केवल उनके विश्वास को मान्यता मिलेगी बल्कि बड़े सपने देखने की हिम्मत रखने वाले व्यक्तियों का समर्थन करने के उनके निर्णय में आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि उनके समर्थन के परिणामों को प्रदर्शित करने से निस्संदेह उन्हें विकास और सफ्लता को बढ़ावा देने में अपने योगदान पर गर्व महसूस होगा । प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के रायपुर की एक महिला उद्यमी और 'हाउस ऑफ पुचका' की संस्थापक से बातचीत की। महिला उद्यमी ने घर पर खाना बनाने से लेकर एक सफ्ल कैफे व्यवसाय स्थापित करने तक की अपनी प्रेरक यात्रा साझा की । उन्होंने कहा कि लाभ मार्जिन और खाद्य लागत प्रबंधन में शोध ने इस उद्यमशीलता की सफ्लता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं के मन में डर है और कई लोग जोखिम लेने के बजाय नौकरी करना पसंद करते हैं। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने जोखिम लेने की क्षमता के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि हाउस ऑफपुचका की संस्थापक ने 23 साल की उम्र में अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए जोखिम लेने की अपनी क्षमता और अपने समय का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। लाभार्थी ने रायपुर के दोस्तों, कॉर्पोरेट जगत और छात्रों के बीच चर्चाओं पर टिप्पणी की जिसमें उद्यमिता के बारे में उनकी जिज्ञासा और सवालों को जाना । उन्होंने युवाओं में सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता की कमी के बारे में भी बात की और कहा कि ये योजनाएं बिना किसी जमानत के धन मुहैया कराती हैं। उन्होंने आभार व्यक्त किया कि मुद्रा ऋण और पीएमईजीपी ऋण जैसी योजनाएं क्षमतावान लोगों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने युवाओं को इन योजनाओं पर शोध करने और साहसिक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जो लोग आगे बढ़ना और सफ्ल होना चाहते हैं, उनके लिए कोई सीमा नहीं है । केरल के एक उद्यमी श्री गोपी कृष्ण से बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव का उल ?लेख किया । उन्?होंने कहा कि इसी योजना ने उन्हें एक सफ्ल उद्यमी बनने में सक्षम बनाया और घरों तथा कार्यालयों के लिए अक्षय ऊर्जा समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए रोजगार के अवसर पैदा किए। प्रधानमंत्री ने मुद्रा ऋण के बारे में जानने के बाद दुबई में अपनी कंपनी से इस्तीफा देने का फैसला करने वाले लाभार्थी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर पहल के तहत सौर ऊर्जा की स्थापना, दो दिनों के भीतर पूरी हो गई। उन्होंने पीएम सूर्य घर पहल के लाभार्थियों की प्रतिक्रियाओं के बारे में भी सुना। उन्होंने कहा कि केरल में अब भारी वर्षा और घने पेड़ों जैसी चुनौतियों के बावजूद घरों में मुफ्त बिजली मिल रही है। श्री कृष्ण ने कहा कि बिजली का बिल, जो पहले लगभग 3,000 रुपए था, अब घटकर 240-250 रुपए हो गया है, जबकि उनकी मासिक आय 2.5 लाख रुपए और उससे अधिक हो गई है । एक अन्य लाभार्थी, श्री मुदस्सिर नक्शबंदी, जो कश्मीर के बारामूला में 'बेक माई केक' के मालिक हैं, ने नौकरी चाहने वाले से नौकरी देने वाले बनने की अपनी सफ्लता की कहानी साझा की। उन्होंने कहा कि उन्होंने बारामूला के दूरदराज के इलाकों के 42 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया है। प्रधानमंत्री ने मुद्रा ऋण प्राप्त करने से पहले उनकी आय के बारे में पूछा, जिस पर मुदस्सिर ने जवाब दिया कि उनकी आय हजारों में थी लेकिन उनकी उद्यमशीलता की यात्रा ने अब उन्हें लाखों और करोड़ों में पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री ने मुदस्सिर के व्यवसाय संचालन में यूपीआई के व्यापक उपयोग को स्वीकार किया। उन्होंने मुदस्सिर के विचार पर ध्यान दिया कि 90 प्रतिशत लेन-देन यूपीआई के माध्यम से किए जाते हैं जिससे हाथ में केवल 10 प्रतिशत नकद बचता है । इसके बाद प्रधानमंत्री ने श्री सुरेश की प्रेरक कहानी सुनी, जिन्होंने वापी में नौकरी से सिलवासा में एक सफ्ल उद्यमी बनने तक का सफ्र तय किया। सुरेश ने कहा कि 2022 में उन्हें एहसास हुआ कि सिर्फ् नौकरी ही काफ्ी नहीं है और उन्होंने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि उनकी सफ्लता के साथ, कुछ दोस्त अब अपना खुद का उद्यम शुरू करने के लिए मुद्रा ऋण के लिए आवेदन करने पर विचार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसी सफ्लता की कहानियों का दूसरों को उद्यमिता की ओर साहसिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करने में प्रभाव पड़ता है । रायबरेली की एक महिला उद्यमी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एमएसएमई को दी गई सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लाइसेंस और फंडिंग आसानी से उपल ब्?ध हो जाती है जबकि यह पहले काफ्ी चुनौतीपूर्ण थी। इसी से प्रेरित होकर उन्?होंने विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने 2.5 से 3 लाख रुपए के मासिक कारोबार के साथ बेकरी व्यवसाय चलाने में उनकी सफ्लता का उल्लेख किया जिससे सात से आठ व्यक्तियों को रोजगार मिला। मध्य प्रदेश के भोपाल के श्री लवकुश मेहरा ने 2021 में 5 लाख रुपए के शुरुआती ऋण के साथ अपना दवा व्यवसाय शुरू किया। शुरुआती आशंकाओं के बावजूद, उन्होंने अपने ऋण को 9.5 लाख रुपए तक बढ़ाया और पहले वर्ष के 12 लाख रुपए से बढ़कर 50 लाख रुपए से अधिक का कारोबार हासिल किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मुद्रा योजना किसी खास समूह तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए सशक्त बनाना है। उन्होंने 34 लाख रुपए का घर खरीदना और हर महीने 1.5 लाख रुपए से अधिक की कमाई सहित लवकुश की हालिया उपलब्धियों का उल ?लेख किया जबकि उनकी पिछली नौकरी से उन्?हें 60,000 से 70,000 रुपए तक की ही कमाई होती थी। प्रधानमंत्री ने उन्हें बधाई दी और सफ्लता प्राप्त करने में कड़ी मेहनत की भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने लाभार्थियों से मुद्रा ऋण और इसके लाभों के बारे में लोगों को बताने का भी आग्रह किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने गुजरात के भावनगर के एक युवा उद्यमी की प्रेरक यात्रा के बारे में सुना जिन्होंने 21 साल की उम्र में आदित्य लैब की स्थापना की। यह उद्यमी मेक्ट्रोनिक्स के अंतिम वर्ष का छात्र है जिन्?होंने 3डी प्रिंटिंग, रिवर्स इंजीनियरिंग, रैपिड प्रोटोटाइपिंग और रोबोटिक्स में व्यवसाय शुरू करने के लिए किशोर श्रेणी के तहत 2 लाख रुपए के मुद्रा ऋण का सफ्लतापूर्वक उपयोग किया। प्रधानमंत्री ने उद्यमी के समर्पण की सराहना की जो सप्ताह के दिनों में कॉलेज और सप्ताहांत में व्यवसाय संचालन के बीच संतुलन बनाकर परिवार के समर्थन से दूर से काम करते हुए 30,000 से 35,000 रुपए मासिक कमाता है। मनाली की एक महिला उद्यमी ने सब्जी मंडी में काम करने से लेकर सफ्ल व्यवसाय चलाने तक की अपनी कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि उन्होंने 2015-16 में 2.5 लाख रुपए के मुद्रा लोन से शुरुआत की थी, जिसे उन्होंने ढाई साल में चुका दिया। इसके बाद 5 लाख रुपए, 10 लाख रुपए और 15 लाख रुपए के लोन के साथ उन्होंने अपना व्यवसाय सब्जी की दुकान से राशन की दुकान तक बढ़ाया और 10 से 15 लाख रुपए की वार्षिक आय हासिल की। प्रधानमंत्री ने उनके दृढ़ संकल्प और देश भर में उद्यमियों को सशक्त बनाने में मुद्रा योजना के सकारात्मक प्रभाव की सराहना की ।

प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश की एक महिला उद्यमी की प्रेरक यात्रा के बारे में भी सुना, जो एक गृहिणी से जूट के बैग का सफ्ल व्यवसाय चलाने लगी। उन्होंने बताया कि 2019 में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने बिना किसी जमानत के केनरा बैंक से 2 लाख रुपए का मुद्रा ऋण प्राप्त किया। प्रधानमंत्री ने उनके दृढ़ संकल्प और उनकी क्षमता में बैंक के भरोसे का उल ?लेख किया। उन्होंने जूट संकाय सदस्य और उद्यमी के रूप में उनकी दोहरी भूमिका को स्वीकार किया तथा रोजगार एवं कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में उनके प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मुद्रा योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव पर टिप्पणी की । प्रधानमंत्री ने नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने और पूरे भारत में उद्यमिता को बढ़ावा देने पर मुद्रा योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे इस योजना ने हाशिए पर पड़े और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिससे उन्हें बिना किसी गारंटी या व्यापक कागजी कार्रवाई के अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने में सक्षम बनाया गया है। श्री मोदी ने उद्यमिता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को देखते हुए मुद्रा योजना द्वारा लाई गई मौन क्रांति का भी उल्लेख किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस योजना ने न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करके महिलाओं को सशक्त बनाया है, बल्कि उनके लिए अपने व्यवसायों का नेतृत्व करने और उन्हें आगे बढ़ाने के अवसर भी पैदा किए हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के सबसे अधिक लाभार्थियों में महिलाएं हैं, जो ऋण आवेदनों, अनुमोदनों और तेजी से पुनर्भुगतान में अग्रणी हैं । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मुद्रा ऋणों के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के माध्यम से व्यक्तियों में पैदा हुए अनुशासन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह योजना धन के दुरुपयोग या नाकाम प्रयासों को हतोत्साहित करते हुए जीवन और करियर बनाने का अवसर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने बताया कि मुद्रा योजना के तहत भारत के नागरिकों को बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं । उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह राशि अभूतपूर्व है और सामूहिक रूप से धनी व्यक्तियों को दी गई किसी भी वित्तीय सहायता से कहीं अधिक है । उन्होंने देश के प्रतिभाशाली युवाओं पर अपना भरोसा जताया जिन्होंने रोजगार पैदा करने और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए धन का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है । श्री मोदी ने कहा कि मुद्रा योजना के माध्यम से रोजगार सृजन ने आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की आय में वृद्धि हुई है, जिससे वे अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकते हैं और अपने बच्चों की शिक्षा में निवेश कर सकते हैं। उन्होंने इस योजना से होने वाले सामाजिक लाभों को भी स्वीकार किया । सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि पारंपरिक तरीकों के विपरीत, उनका प्रशासन योजना के कार्यान्वयन के 10 वर्षों के बाद सक्रिय रूप से फीडबैक मांग रहा है। उन्होंने देश भर में लाभार्थियों और समूहों से परामर्श करके योजना की प्रगति की समीक्षा करने, सुधार के अवसरों की पहचान करने और आगे की सफ्लता के लिए आवश्यक सुधारों को लागू करने के महत्व पर बल दिया । मुद्रा ऋण का दायरा बढ़ाने में सरकार द्वारा प्रदर्शित उल्लेखनीय विश्वास पर प्रकाश डालते हुए, श्री मोदी ने कहा कि प्रारंभ में 50,000 रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक के ऋण का दायरा बढ़ाकर अब 20 लाख रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह विस्तार भारत के नागरिकों की उद्यमशीलता की भावना और क्षमताओं में व्यक्त विश्वास को दर्शाता है, जो योजना के सफ्ल कार्यान्वयन से और मजबूत हुआ है । मुद्रा योजना का लाभ उठाने और अपना खुद का उद्यम शुरू करने के लिए दूसरों को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर देते हुए, श्री मोदी ने लोगों से कम से कम पांच से दस अन्य लोगों को प्रेरित करने और उनका समर्थन करने, उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ाने का आग्रह किया । उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 52 करोड़ ऋण वितरित किए गए हैं, जो विश्व स्तर पर एक अद्वितीय उपलब्धि है । गुजरात में अपने कार्यकाल को याद करते हुए, श्री मोदी ने गरीब कल्याण मेला का उल्लेख किया, जिसमें प्रेरक नुक्कड़ नाटकों ने लोगों को गरीबी से उबरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद सरकारी लाभों को त्यागने वाले व्यक्तियों के बारे में एक किस्सा साझा किया।

# महान क्रांतिकारी थे पंडित इंद्रपाल....

डा. ओपी शर्मा

1948 में जब महात्मा गांधी जी को गोली मार देने का समाचार सुना, तो बेहोश हो गए। 13 अप्रैल, 1948 को वह स्वर्ग सिधार गए पंडित इंद्रपाल का जन्म हिमाचल के नादौन में एक ब्राह्मण पंडित हरिराम के घर 5 अप्रैल 1905 को हुआ। उस साल उनके जन्म से एक दिन पहले 4 अप्रैल 1905 को कांगड़ा जिले में और शहर नादौन के आसपास के गांवों में भूचाल आने से भारी क्षति हुई और पंडित जी के परिवार को भी काफ्ी धक्का पहुंचा। पिता जी ज्यादा पढ़े-लिखे न होकर पंडिताई करते थे। उनके चार लडक़ों में सबसे बड़े मंगत राम बाद में इंद्रपाल कहलाए। माता श्रीमती रामदेवी सुंदर, सुशील धर्म-परायण स्त्री थी। माता जी की मृत्यु के समय सबसे छोटा लडक़ा मंगतराम डेढ़ साल का था। उसे उसकी बहन कमला ने, जो छोटी ही उम्र में ब्याही गई थी और स्वयं भी छोटी ही थी, संभाला और उनके पिता पंडित हरिराम ने मां की जगह लेकर बच्चों का पालन-पोषण किया। गरीबी के होते हुए भी एक घर स्वर्ग कैसे हो सकता है, यह माता रामदेवी के जीवन से स्पष्ट झलकता था। उनकी मृत्यु के पश्चात बच्चे छोटी आयु में ही जीविका के लिए साधन ढूंढने के उद्देश्य से बाहर निकल गए। पंडित इन्द्रपाल से पहले उनके मां-बाप के दो बच्चे पैदा हुए थे जो बचे नहीं, इसलिए इन्हें घिरत बिरादरी के एक घर में पलने के लिए कुछ समय के लिए छोड़ दिया था। इसलिए जन्म नाम मंगतराम हुआ, बाद में वापस घर लाकर इन्हें स्कूल में दाखिल करा दिया गया। यह पढ़ाई में अव्वल और तीक्ष्ण बुद्धि वाले थे। पढ़ाई के बाद पंडित इंद्रपाल पत्रकार बने और घूमते-घूमते लाहौर जा पहुंचे। अंत में मास्टर नंदलाल पत्रकार के शागिर्द बन गए। पत्रकारिता का काम सीखने के बाद यह अखबारों का काम करने लगे। 1925 में इन्हें सनातन धर्म सभा रावलपिंडी से उनके उर्दू साप्ताहिक 'सुदर्शन चक्र' की किताब के लिए रखा गया। यह रावलपिंडी पहुंच गए। यशपाल इस अखबार का उस समय मैनेजर था। वहां दोनों की पहली मुलाकात हुई। पंडित जी जो दिन भर अखबार का काम करते, शाम को सैर के लिए शहर से बाहर तपोवन की तरफ निकल जाते और रात को देर से लौटते। सर्दियों के दिनों में भी यह बिस्तर की जरूरत नहीं समझते थे। ज्यादा सामान रखने के हक में नहीं थे। एक मुसाफि्र की तरह रहते थे। उनका कहना था कि शरीर को ज्यादा आराम, सुख-सुविधा का अभ्यस्त नहीं बनना चाहिए। ज्यादा पैसा भी



मनुष्य के लिए अवांछित है। जितनी आवश्यकता है उतना रखो बाकि किसी दूसरे की जरूरत पूरी करने के काम आए तो अच्छा है। वह क्रियात्मक तौर पर एक सोशलिस्ट थे। बाद में रावलपिंडी से वापस लाहौर आकर वह सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के उर्दू दैनिक 'भीष्म' में नौकर हो गए। कुछ समय आराम से कट गया। लेकिन समाचार पत्र के स्टाफ का कई महीनों का वेतन न दिया गया तो पंडित जी ने संवाददाताओं की सभा का झंडा उठाया और पोस्टरों और जुलूसों द्वारा अखबार के प्रबंधकों के विरुद्ध प्रदर्शन शुरू कर दिया। अंत में प्रबंधकों ने आंशिक तौर पर कुछ दे-दिला कर पीछा छुड़ाया। मजदूर संगठन में उनकी निष्ठा मजबूत हो गई। कांगड़ा जिला का यह पहाड़ी ब्राह्मण युवक मजदूरों का नेता बन गया। बाद के समय में उन्होंने स्वाधीनता संग्राम में योगदान किया। पंडित जी कांग्रेस के राष्ट्रीय आंदोलन की ओर दिनों-दिन ज्यादा आकर्षित होते चले गए। वह सरदार भगत सिंह जी की गठित नौजवान भारत सभा के जलसे और जुलूसों में भी दिलचस्पी लेने लगे। आजादी के आंदोलन में उन्होंने बड़ा योगदान दिया। बाद के समय में उन्होंने क्रांतिकारी आंदोलन में भी हिस्सा लिया। दिल्ली में तुगलकाबाद किले की एक तरफ बदरपुर चौकी के पास पंडित जी ने साधु बनकर एक सुनसान प्याऊ पर अपना डेरा जमा लिया। सिर के बाल मुंडवा कर भगवे वस्त्र धारण कर लिए, मृगशाला पर बैठकर दिनभर भभूत मलते, चिमटा खटकाते, भजन-कीर्तन करते लोगों को दवा दारू देते और यात्रियों को पानी पिलाते। रात को जमीन के नीचे बिजली के तार दबाते थे। उनके क्रांतिकारी साथी सभी भेष बदलकर आते और उन्हें चीजें-सामान आदि दे जाते। लार्ड इरविन वायसराय की गाड़ी को बम विस्फोट करके उलटने की योजना क्रांतिकारी दल ने बनाई थी। इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पंडित जी को चुना गया। देहाती लोग उनके पास आकर बैठे रहते, उनका उपदेश सुनते और दवा-दारू भी ले जाते। क्रांतिकारी के रूप में उन्होंने साथियों से मिलकर कई काम किए। बाद में उन्होंने एक और योजना बनाई। परंतु 27 अक्तूबर, 1929 को किया जाना वाला एक्शन इसलिए छोड़ देना पड़ा कि लार्ड इरविन 1 नवंबर, 1929 को एक महत्वपूर्ण घोषणा करने जा रहे थे, जिसमें भारत को स्वतंत्रता प्रदान करने के बारे में भारतवासियों को कुछ नए अधिकार देंगे। क्रांतिकारियों का भ्रम दूर हुआ, खोदा पहाड़ निकला चूहा। वायसराय की ट्रेन को उड़ाने की नई योजना बनी और 23 दिसंबर, 1929 को प्रात: साढ़े सात बजे दिल्ली के निकट पुराने किले के साथ वाले जंगल में यशपाल, इंद्रपाल, भगवतीचरण वोहरा और लेखराम जाट ने ये एक्शन किया।

दैनिक
# विश्व परिवार


## संक्षिप्त समाचार

### तेरापंथ युवक परिषद् रायपुर द्वारा स्वस्थ समाज की परिकल्पना से सेवा कार्य



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अपने त्रि-आयाम सेवा-संस्कार-संगठन के साथ सतत् गतिशील संस्था अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने मानव सेवा हेतु कृत संकल्पित महनीय उपक्रम आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर जिसका संचालन रायपुर में तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा किया जाता है के माध्यम से जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2624वें जन्मकल्याणक महोत्सव निमित्त समाज जनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उनके सामान्य स्वास्थ्य की जांच नि:शुल्क रायपुर सकल जैन समाज समाहित भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति - 2025 अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय आयोजन दिनांक 26 मार्च से 9 अप्रैल 2025 तक 3 टेस्ट प्रदान करते हुए की जा रही है। जिसका लाभ आज चौदहवें दिन देवेन्द्र नगर क्षेत्र में दिनांक 08/04/2025 को ञ्च्द्ध4ह्लश्द्धस्र/स्ब्दड्डह/ष्ट्ब्ष्ट - 50 समाज जनों द्वारा लिया गया। जिसमें विशेष सहयोग लैब में कार्यरत सुषमा साह, प्रीती शर्मा का रहा। आज के स्वास्थ्य शिविर में श्री महेन्द्र जी पुनीत जी बापना ( प्लाइनियर ) परिवार ने विशेष सहयोग किया। तेयुप से वीरेंद्र डागा, निकुंज साचला, निर्मल गांधी कि सहभागिता रही। **-वीरेंद्र डागा**

### जशरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के अंतिम दिन नाटक बड़े भाई साहब का मंचन



**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** जशरंग के अंतिम दिन समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, विशिष्ट अतिथि के रूप में शशि मोहन सिंह (IPS), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर रोहित व्यास (IAS), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज़िला पंचायत, अभिषेक कुमार (IAS), हरीश कुमार (NSD), समर्थ जैन- उद्यमी जशपुर, डॉ. आनंद कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष- छत्तीसगढ़िया क्लाउड, मंच पर उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण से हुई। आनंद कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए जशरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव की प्रस्तुतियों के बारे में बतलाया। अतिथियों ने शुभकामना देते हुए अपनी बात रखी। कलेक्टर रोहित व्यास ने दर्शकों से मुखातिब होते जशरंग के लिए शुभ कामनाएं दीं। यह भी बतलाया की सरकार से हमे बहुत सहयोग मिल रहा है, जशपुर के लिए यह बड़ी बात है पाण्डेय जी के जशरंग आयोजित किया. जिला प्रशासन के द्वारा सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने किया है. बनने जिसमें थोड़ा समय लगेगा। तीसरा जशरंग नए ऑडिटोरियम में होगा।

### सुशासन तिहार: महापौर पहुंची शिविर, लोगों से मुलाकात कर मांग व शिकायत समाधान पेटी में डालने अपील की

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्रित करना। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना और विकास कार्यो में गति लाने के साथ आम जनता, जनप्रतिनिधियों ओर विभिन्न सामाजिक सगठनो से संवाद स्थापित करना है।महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद संजय अग्रवाल, गुलशन साहू, सरस निर्मलकर, ललिता ठाकुर, रेशमा सोनकर, के साथ सुशासन तिहार शिविर में पहुँचकर मांग व शिकायत आवेदन करने आये हितग्राहियों से चर्चा कर समाधान पेटी में आवेदन डालने की अपील की। इस दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, राजेन्द्र ढाबाले, उपअभियंता हरिशंकर ठाकुर, प्रेरणा दुबे, राजस्व अधिकारी आर.के. बोरकर, उमयन्ति ठाकुर मौजूद रहें, 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक नगर निगम क्षेत्र के 6 स्थानों में समाधान पेटी में अपनी शिकायत या मांग दर्ज कर सकते है।

## भगवान महावीर का 2624वॉं जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को, जयपुर में निकलेगी विशाल शोभायात्रा

### श्री जी रथ में विराजमान होकर करेगें नगर भ्रमण, जैन संतों के सानिध्य में रामलीला मैदान में होगी धर्म सभा

### राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में होगा मुख्य आयोजन



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर, विश्व वन्दनीय, पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर का 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार, 10 अप्रैल को भक्ति भाव से मनाया जावेगा। इस मौके पर शहर में राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में मुख्य आयोजन होगा।

सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन व महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में गुरुवार को प्रात: 9.30 बजे से रामलीला मैदान में उपाध्याय उर्जयन्त सा गर महाराज के सानिध्य में धर्म सभा होगी।

महावीर जयंती समारोह के मुख्य समन्वयक अशोक जैन नेता ने बताया कि इस मौके पर झण्डारोहण, मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन सहित सभा द्वारा प्रकाशित महावीर जयंती स्मारिका के 60 वें अंक का प्रबंध सम्पादक यश कमल अजमेरा के निर्देशन में विमोचन किया जावेगा।

धर्म सभा में संतों के मंगल प्रवचन होंगे। श्री जी के अभिषेक होंगे।अन्त में समाज बन्धुओं का सामूहिक वात्सल्य सहभोज रखा गया।

महावीर जयंती समारोह के समन्वयक मुकेश सोगानी एवं मुख्य संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इससे पूर्व प्रात: 7.00 बजे मनिहारों का रास्ता स्थित महावीर पार्क से मुख्य समन्वयक भानू छाबड़ा एवं मुख्य संयोजक अनिल छाबड़ा के निर्देशन में रामलीला मैदान के लिए विशाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में 24 से अधिक ज्ञान वर्धक तथा संदेशात्मक झांकियां शामिल होगी। जिनमें भगवान महावीर के जीवन चरित्र को दर्शाया जावेगा। कई सामाजिक दृश्यों को दर्शाते हुए भी झांकियां सजाई जावेगी। भगवान रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे।

शोभायात्रा चौडा रास्ता, त्रिपालिया बाजार, बड़ी चौपड, जौहरी बाजार, बापू बाजार, न्यू गेट होते हुए प्रात: 9.30 बजे रामलीला मैदान पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हो जाएगी। शोभायात्रा मार्ग पर 108 स्वागत द्वार बनाये जाएंगे।

**-विनोद जैन कोटखावदा**

## धर्म को जीवन में उपयोग कर मनुष्य जीवन को सार्थक करें : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी

### मंदसौर में 9 अप्रैल को होगा भव्य मंगल प्रवेश



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज का मंगल विहार मंदसौर के लिए चल रहा है 9 अप्रैल को प्रात: मंदसौर नगर में आचार्य श्री का भव्य मंगल प्रवेश होगा। बिहार के दौरान आयोजित धर्म सभा मेंआचार्य श्री ने प्रवचन में बताया कि सबका पुण्य है कि 84 लाख योनियों में भ्रमण करते हुए चार गति में मुख्य मनुष्य गति है क्योंकि मनुष्य ही नरक गति तिर्यचगति, स्वर्ग के सुख दुख देख सकता है। स्वर्ग में केवल सुख मिलता है, नरक में दुख मिलता है मनुष्य और तिर्यच गति में सुख और दुख दोनों मिलता है मनुष्य जीवन में ज्ञान की महिमा बहुत है ज्ञान से आशय लौकिक ज्ञान के साथ-साथ धार्मिक ज्ञान से भी है यह मंगल देशनाआचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने धर्म सभा में प्रकट की।

राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री ने प्रवचन में बताया कि पुण्य से ज्ञान मिलता है और धर्म से पुण्य की प्राप्ति होती हैं भगवान के प्रतिदिन दर्शन करें तब कहिए कि आज मेरा जन्म सफल हो गया यही रोज कहना चाहिए धर्म को हृदय में उतरना होगा देव शास्त्र गुरु के दर्शन से कर्मों का छय होता है उसके लिए भाव और परिणाम अच्छे होना जरूरी है। आचार्य श्री ने श्रोता के गुण बताएं कि देव शास्त्र गुरु के समक्ष आप में धर्म की बात सुनने की इच्छा होनी चाहिए धर्म की बात सुनकर ग्रहण करें चिंतन करें और धर्म की बात को जीवन में अपनाने का प्रयास करे, जिस प्रकार आप धन का संग्रह करते हैं उसी प्रकार आपको धर्म का भी संग्रह करना चाहिए संग्रहित धर्म से बच्चों को भी संस्कारित करना चाहिए। धर्म से जीवन श्रेष्ठ बनता हैं शाम को श्री जी की आरती पश्चात आचार्य श्री की आरती का कार्यक्रम हुआ ?

**-राजेश पंचोलिया**

## आज प्रातः विश्व कल्याण के लिए णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में होगा




**भिलाई ( विश्व परिवार )।** श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में दिनांक 9 अप्रैल को विश्व कल्याण के लिए पूरे विश्व में इस दिव्य महामंत्र के साथ अपने आत्म कल्याण के लिए एक साथ महामंत्र नमोकर का जाप दिनांक 9 अप्रैल को प्रात : 7.30 बजे से 9:36 तक श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में होगा . जैन मिलन जैन ट्रस्ट जैन महिला क्लब सकल जैन समाज के तत्वाधान में जैन भवन प्रांगण में विशाल आयोजन होगा। जिसमें जैन धर्म के सभी आमनाओं के समस्त सम्मानित महानुभाव सभी समिति सदस्य गण सर्व धर्म के भक्तगण को. जैन मिलन जैन ट्रस्ट जैन महिला क्लब सकल जैन समाज भिलाई आपको सादर आमंत्रित करते हैं।

जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया की नवकार मंत्र के लिए आयोजन स्थल जैन भवन सेक्टर 6 के लिए जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन भावेश भाई शाह महावीर बेगानी महावीर प्रकाश निगोटिया सोमेश जैन भागचंद जैन श्रीमती पारस जैन श्रीमती नीना जैन आदि समिति सदस्य तैयारी कर रहे हैं। जीटो संस्था द्वारा इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

आप सभी सब परिवार पधार कर इस विश्व कल्याण के आयोजन को सफल बनाएं क्रांतिकारी राष्ट्र संत संजय मुनि जी ने आवाहन किया है कि आप सभी अपने और परिवार की समृद्धि के साथ संपूर्ण विश्व जगत एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए (यथासंभव णमोकार महामंत्र जाप की नौ बार माला अवश्य फेरें)।

इस आयोजन में अपनी सहभागिता समय पर पधारकर अवश्य दें आप सबकी गौरवशाली उपस्थिति प्रार्थनीय है। दिनांक 10 अप्रैल को प्रात: 6:00 बजे भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याण महोत्सव पर भगवान महावीर स्वामी जी के मंगल अभिषेक 7:00 बजे तत्पश्चात ध्वजारोहण स्वल्प आहार और भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण पर भव्य शोभा यात्रा पश्चात मंगल अभिषेक शांति धारा और मिलन चर्चा होगी। **-प्रदीप जैन बाकलीवाल**

## भगवान महावीर के बताए सत्य अहिंसा आदि संदेशों को जन-जन तक पहुंचना चाहिए : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** अभी तक महावीर को माना लेकिन महावीर की नहीं मानी पर अब महावीर ने जो कहा उसे मानने का संकल्प लें। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने दिगम्बर जैन मंदिर चौक में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि भगवान महावीर के बताए सत्य अहिंसा आदि संदेशों को जन-जन तक पहुंचना चाहिए जिसस बड़ रही हिंसा से देश मुक्त हो सके। मुनि श्री ने कहा कि बाहरी हिंसा से ज्यादा भावों की हिंसा हमारे द्वारा होती है हम दूसरे जीव का मन वचन से प्रति समय बुरा करते हैं यही भाव हिंसा है हमे इससे बचना चाहिए।

मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया प्रात:काल मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज स संघ एवं मुनि श्री विमल सागर जी महाराज ससंघ का मिलन हुआ तो उपस्थित जन समुदाय हर्षित हो उठा दोपहर मेंनोवेल पुरुषकार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी भोपाल में मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के दर्शनार्थ दि. जैन चौक मंदिर भोपाल में पधारे इस अवसर उनकी अहिंसा, दया करुणा तथा सेवा पर लगभग 35 मिनट तक मुनि श्री से विशेष चर्चा हुई। इस अवसर पर दि. जैन पंचायत भोपाल के अध्यक्ष मनोज बांगा एवं मनोज जैन एम आर ने उनका स्वागत साल श्रीफल एवं प्रतीकचिन्ह से किया। सांयकाल का शंकासमाधान प्रोफेसर कालोनी में मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रममंत्री प्रहलाद पटैल के निवास स्थान पर हुआ जिसमें मीडिया से जुड़े कयी पत्रकार बंधु भी उपस्थित थे उन्होंने मुनि श्री के समक्ष कयी ज्वलंत समस्याओं जैसे भृष्टाचार आदि विषयों पर प्रश्न रखे मुनि श्री ने तुरंत उनका समाधान दिया मंत्री प्रहलाद पटेल तथा उनके परिवार के सदस्यों ने भी कयी प्रश्न मुनि श्री के समक्ष रखे जिसमें मुनि श्री ने जबाब देते हुये कहा कि जिस दिन मनुष्य के अंदर से दुर्योधन वृत्ति समाप्त हो जाऐगी उसी दिन धर्म की सही समझ आ जाऐगी। ज्ञातव्य रहे भगवान महावीर का जन्मकल्याणक 10 अप्रैल को पूरा देश धूम धाम से मनाने जा रहा है भोपाल में भी आज से 3 दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ हो चुके है आज प्रहलाद पटेल के निवास पर आयोजित शंकासमाधान कार्यक्रम में मुनि श्री ने कहा कि भगवान महावीर के संदेशों को जन जन तक पहुंचने के लिये सभी को संकल्प लेंना चाहिये। प्रवक्ता श्री जैन ने बताया मुनि संघ का रात्री विश्राम प्रोफेसर कालोनी में प्रहलाद पटेल के निवास पर हो रहा है। प्रात: रविन्द्र भवन में णमोकार मंत्र की आराधना का कार्यक्रम होगा जिसमें मुनि श्री संघ सहित शामिल होंगे तथा सांयकालीन शंकासमाधान चौक मंदिर धर्मशाला में होगा। 10 अप्रैल को चौक मंदिर से प्रात: 7:30 बजे से श्री जी की शोभा यात्रा एवं दोपहर को 2 बजे विशाल धर्म सभा रविन्द्र भवन टी.टी.नगर में होगी। **-अविनाश जैन**

## एनआईटी रायपुर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हार्डवेयर एक्सेलेरेटेड चिप विषय पर व्याख्यान सत्र का आयोजन किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हार्डवेयर एक्सेलेरेटेड चिप विषय पर 8 अप्रैल 2025 को एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया। इस सत्र के मुख्य वक्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के प्रो. संतोष कुमार विश्वकर्मा रहे।

इस वार्ता में 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें फैकल्टी मेम्बर्स पीएचडी स्कोलर्स और एम.टेक छात्र शामिल थे। सम्मानित अतिथियों में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दिलीप सिंह सिसोदिया और इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. तोशन मीनपाल शामिल रहे।

प्रो. विश्वकर्मा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस तरह कस्टम-डिज़ाइन किए गए हार्डवेयर एक्सेलेरेटर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एप्लीकेशन के प्रदर्शन को बदल रहे हैं। उन्होंने कम्प्यूटेशनल दक्षता बढ़ाने, विलंबता को कम करने और विशेष रूप से रियल टाइम में एआई प्रोसेसिंग को सक्षम करने में जीपीयू, टीपीयू और कस्टम एएसआईसी जैसे अत्याधुनिक आर्किटेक्चर की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। इस वार्ता में वर्तमान तकनीकी चुनौतियों पर काबू पाने और भविष्य के नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए हार्डवेयर डिजाइनरों और एआई शोधकर्ताओं के बीच सहयोगी शोध के महत्व को भी रेखांकित किया गया।

सत्र के बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समन्वयन इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. चित्रकांत साहू ने किया और यह,द्व हार्डवेयर के क्षेत्र में अंत:विषय शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण सत्र साबित हुआ।

## विश्व नवकार दिवस पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर द्वारा 21 लाख नवकार महामंत्र का जाप

**जियो और जीने दो जन्मकल्याणक पखवाड़े में 100 वे जयपुर पैर का वितरण**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में विश्व नवकार दिवस 9 अप्रैल को प्रात: 8 बजे से नवकार महामंत्र का जाप किया जावेगा। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि नवकार महामंत्र के नव पदों के उच्चारण की ध्वनि तरंगों से विश्व शांति, अहिंसा, जीव दया के वातावरण का निर्माण होता है। पूरे भैरव सोसायटी, दावड़ा, वालफोर्ड, जैनम, आम्रपाली व आसपास के सभी जैन भाई बहनों से आग्रह है कि मंदिर जी में आकर अथवा अपने घरों में 8 बजे से नवकार महामंत्र का उच्चारण पूर्वक जाप करें। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर जन्मकल्याणक पखवाड़े के तहत मूक पशु पक्षियों की सेवा व मानव सेवा के प्रकल्प हो रहे हैं, ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में जयपुर पैर का वितरण किया जाता है, आज मंदिर परिसर में 100 वे जयपुर पैर का वितरण किया गया। स्व राजेन्द्र पारख, डोंडीलोहारा के आत्मश्रेयार्थ, संतोष सरला बैद, स्व प्रवीण भाई पटेल के आत्मश्रेयार्थ रूपेश पटेल द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम पैर में सहयोग प्रदान किया गया।

जियो और जीने दो महावीर जन्मकल्याणक में महापौर द्वारा होटलों, ढाबों, ठेले खोमचे में नॉनवेज विक्रय प्रतिबंधित करने का जैन समाज ने स्वागत किया।

श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने जियो और जीने दो भगवान महावीर स्वामी के उपदेश को चरितार्थ करते महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश का स्वागत किया है कि भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक के अवसर पर 10 अप्रैल को रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मांस मटन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है जिस पर निर्देश देते हुए महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी होटलों ढाबों ठेले खोमचे में नॉनवेज विक्रय पर बैन लगाया है। जिससे भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर हजारों पशु पक्षियों को जीवनदान मिला है। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट व सकल जैन समाज ने महापौर के इस सुकृत्य की भूरि भूरि अनुमोदना करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की है।

## दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन समाज की महिला मंडलों द्वारा हाथों में मेहंदी रचाकर गीत, संगीत एवं नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** दिगंबर एवं श्वेतांबर समाज के अलग-अलग जैन महिला मंडलों ने एक साथ मिलकर प्रभु महावीर को स्मरण करते हुए हाथों में मेहंदी रचाकर गीत, संगीत एवं नृत्य नाटिका के द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी। इसी क्रम में कव्वाली नाट्यमंचल नृत्य संगीत होजी सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

श्री मनोहर महिला मंडल दुर्ग के अतिथि में भगवान जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के द्वारा किया शानदार आयोजन ऋषभदेव परिसर चंडी मंदिर रोड पर आयोजित किया गया था जिसमें कार्यक्रम का संचालन मनोहर महिला मंडल की श्रीमती जेठी बुरड़ एवं श्रीमती नीतू दुग्गड ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

दुर्ग नगर की जैन महिला मंडल अपने पारंपरिक राजस्थानी परिधानों में सबका मन मोह लिया। जैन समाज की महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया।

लगातार 4 घंटे तक चलने वाले इस आयोजन में भगवान महावीर के जयकारों एक मंगला चरण के साथ आज का महिलाओं ने मिलकर महोत्सव मनाया गया सभी महिला मंडल भाव भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिनमे श्रमण संघ महिला मंडल शांति विजय महिला मंडल वासुपुज्य महिला मंडल ऋषभ देव महिला मंडल दिगंबर जैन महासमिति महिला मंडल दिगंबर जैन बड़ा मंदिर महिला मंडल विद्यांजलि महिला मंडल स्वास्तिक महिला मंडल जिन कुशल महिला मंडल समता बहू मंडल जिन भक्त मंडल तेरापंथ महिला मंडल खतरगक्ष महिला मंडल जैनत्व महिला मंडल जिन भक्ति मंडल के सदस्यों ने प्रस्तुति दी। रूपल गुप्ता एवं उनकी 30 सदस्यों की टीम ने वहां उपस्थित सभी महिलाओं के हाथों में मेहंदी लगाई।

**आज संध्या भावेश बाग की भक्ति में झूमेगा शहर-** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के द्वारा आज रात्रि 8:00 बजे गंज मंडी प्रांगण में प्रभु महावीर की भक्ति का आयोजन रखा गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के ख्याति नाम कलाकार भावेश बैध एवं साथी भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे।

**देश एवं विदेशों में भी कल नवकार महामंत्र गूंजेगा-** 9 अप्रैल को देश एवं विदेशों में जैन धर्म के अनुयाई एक साथ मिलकर प्रात: 7:36 से 9:36 नवकार महामंत्र की स्तुति करेंगे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से इस कार्यक्रम में नवकार महामंत्र की आराधना के साथ जुड़ेंगे।

106 देशो 6000 से अधिक केन्द्रों में यह अनुष्ठान होने जा रहा है विश्व कल्याण के लिए नौकर महामंत्र दिवस मनाया जा रहा है विश्व नवकार दिवस घोषित करवाने हेतु या एक जैन समाज की मुहिम है। **-नवीन संचेती**

## संक्षिप्त समाचार

### दो बाईक पर कर रहे थे 23 किलोग्राम गांजे की तस्करी यूपी के 4 आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** गरियाबंद जिले की मैनपुर थाना पुलिस ने मोटरसायकल से गांजे की तस्करी कर रहे उत्तरप्रदेश के चार तस्करों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 23 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। बता दें कि जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र मे अवैध गांजा की बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन मे दिनांक 06.04.2025 को थाना प्रभारी मैनपुर निरीक्षक शिवशंकर हुर्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि 02 मोटर सायकल में 04 व्यक्ति देवभोग तरफसे एनएच 130सी से मैनपुर आ रहे है। जो अपने बैग मे अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे हुए है। सूचना पर थाना प्रभारी व स्टाफके साथ मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिया एवं मोटर साइकिल के आधार पर एनएच 130 में मेनरोड में एमसीपी लगाकर (देवभोग झरियाबहार मेन रोड एनएच 130 ) चैकिंग की कार्यवाही करते हुए दोनों बाईक सवार चार आरोपियों को धर दबोचा गया। पुछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सहीद अली पिता इस्तायक अली उम्र 22 साकिन बरेली टीकरापारा जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश,रोहित सोनकर पिता राजेंद्र सोनकर उम्र 18 साकिन रोनाकला थाना सिकवारा जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश,शिवचंद यादव पिता केदार नाथ यादव उम्र 24 साल साकिन जमुआ थाना सिकवारा जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश तथा ज्ञानचंद गौतम पिता राजकुमार गौतम उम्र 21 साल साकिन परसर थाना मारिआहू जौनपुर उत्तरप्रदेश का होना बताया।

### पिता ने मासूम पुत्र की हत्या कर खुद झूला फांसी पर

**धमतरी(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में बीती रात एक सनकी पिता ने अपने 6 साल के मासूम बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी और फिर खुदखुशी कर ली। इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. कलयुगी पिता अपने बेटे को दम तोड़ने तक जमीन पर पटकता रहा और बेटे की हत्या के बाद उसने खुद फांसी लगाकर जान दे दी। इस घटना के पीछे का कारण अब तक पता नहीं चल सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों के शव को पीएम के लिए भेज दिया है। एफएसएल की टीम मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, यह पूरा मामला अर्जुनी थाना इलाके के बोड़रा गांव का है। यहां मृतक पिता गोपेश्वर साहू ने रामनवमी की रात अपने बेटे की बेरहमी से जान ले ली।

### ग्रामीण के साथ मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**हथबंद(विश्व परिवार)।** हथबंद पुलिस ने ग्राम खिलोरा में ग्रामीण के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया रात्रि करीबन 12:30 बजे डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम देखकर अपने घर वापस आ रहा था, कि इसी बीच आरोपी शत्रुघन नवरंगे द्वारा जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती उसे अपनी स्कूटी में बैठाकर अपने घर ले जाया गया। घर पहुंचने पर प्रकरण में शामिल आरोपियों द्वारा, प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर, लाठी-डंडा, जूते चप्पल आदि से मारपीट किया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपी देवनारायण साहू 44 वर्ष एवं शत्रुघन नवरंगे 31 वर्ष ने गिरफ्तार किया है।

# ग्रामों, हाट-बाजारों सहित सभी शासकीय कार्यालयों में रखी जाएगी समाधान पेटी : कलेक्टर हरिस



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर हरिस एस ने सुशासन तिहार 2025 के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहले चरण के अंतर्गत 08 से 11 अप्रैल आवेदन पत्र प्राप्त करना है, इसके तहत जिले के सभी ग्रामों के चौक-चौराहों में और हाट-बाजारों में समाधान पेटी रखी जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय, तहसील, जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय, अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय सहित जिला मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय और नगर पंचायत व नगर पालिक निगम कार्यालय में भी समाधान पेटी के माध्यम से जनता की मांग, समस्या, शिकायतों को प्राप्त किया जाएगा। कलेक्टर ने समाधान पेटी के साथ आवेदन लिखने के लिए सहयोगी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। प्रत्येक दिन आवेदन की जांच करने के लिए अधिकारी और मैदानी अमलों की ड्यूटी लगवाने के साथ ही प्रत्येक दिन ब्लॉक में आवेदनों को जमा करने एवं ऑपरेटरों के द्वारा पोर्टल में आवेदन की जानकारी अद्यतन करवाने के निर्देश दिए। पोर्टल में एंट्री की गई आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा निराकरण कर लगातार अपडेट किया जाएगा। साथ ही आवेदन के निराकरण में पात्र-अपात्र का पूरा विवरण का उल्लेख किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन प्राप्त किया जाएगा। कलेक्टर ने दूसरे चरण में 4 मई तक आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण समाधान करने का समय बताया। इसके उपरांत समाधान शिविर 5 मई 31 मई तक मौके पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सुशासन अभियान में जनता से अधिक से अधिक आवेदन लें। ग्राम में सुशासन तिहार के संबंध में अधिक सूचना देने के लिए कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाएँ।

### 12 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** थाना डोंगरगांव पुलिस ने 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1,39,000 रुपये की नकदी, 12 मोटरसाइकिल, और 11 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दिशा-निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने ग्राम मारगांव के बांध के पास जुआ खेलने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रेड की। कार्यवाही के दौरान मौके से आरोपी पकड़े गए और जुआ संबंधित सामग्री, जैसे 52 पत्तियों का तास, नगदी रकम, मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन जब्त किए गए। पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें विवेक कुमार, अनुप कुमार, आनंद शर्मा, प्रेमलाल डोंगरे, जितेन्द्र सेन, विकास सतनामी, विकास मेश्राम, चन्दुराम, चन्द्रकांत लरिया, लम्बोदर सोनी, रोशन कुंवर और अशोक सिन्हा शामिल हैं। इन पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। रेड के दौरान कुछ आरोपी मौके से फरार हो गए। जिनमें गोलू सिन्हा (ग्राम कोकपुर), विनोद राय (ग्राम अर्जुनी), लल्लू यादव (मोतीपुर), और शिवा सिन्हा (ममतानगर) शामिल हैं।

## राष्ट्रसेवा और अंत्योदय के पवित्र विचारों से प्रेरित है भारतीय जनता पार्टी : रंजना साहू



**धमतरी(विश्व परिवार)।** 6 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने अपने निवास में भाजपा झंडा लगाई एवं धमतरी बठेना वार्ड पुरोधा परम श्रध्देय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण कर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दिए, श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि त्याग, समर्पण, और राष्ट्र की सेवा में सतत कार्यरत कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी कि पहचान है, मुझे गर्व है कि मैं भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता हूं, जिनके पुरखों की तपस्या, प्रभावी नेतृत्व और राष्ट्रप्रथम की विचारधारा ने जन-जन को संगठित कर मां भारती की सेवा के लिए तैयार की है, हम सभी कार्यकर्ता भाजपा की नींव रखने वाले महापुरुषों के आशीर्वाद के साथ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र को आत्मसात कर विकसित भारत के निर्माण हेतु संकल्पबद्ध होकर अपना योगदान दे जिससे हमारा भारत देश विकसित भारत श्रेष्ठ भारत का हमारा सपना साकार हो। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि राष्ट्रसेवा और अंत्योदय के पवित्र विचारों से प्रेरित है भारतीय जनता पार्टी, जिसमें जन उत्थान के लिए समर्पित की भावना भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं में रही है, भारतीय जनता पार्टी ने ग्राम पंचायत के पंच पद से लेकर प्रधानमंत्री पद के सफर में सिर्फ राष्ट्र सेवा भारत माता की सेवा करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ी और आज शीर्ष नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है या हमारे पुरोधाओं का आशीर्वाद है। माल्यार्पण कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ विनोद रणसिंह, गीतेश प्रजापति, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू, शहर मंडल पूर्व अध्यक्ष विजय साहू, राजीव सिंहा, मुकेश शर्मा, नील पटेल, शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन, वीरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रक-बाइक के आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक की हुई मौत



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।।** श्रीरामनवमी की रैली में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे एक युवक की बीती रात दुर्घटना में मौत हो गई है, सूचना पर पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बस्तर थाना क्षेत्र के भाटिपारा निवासी पीयूष साव बीते कल रविवार को शहर में आयोजित श्रीरामनवमी की रैली में शामिल होने के बाद देर रात अपनी स्प्लेंडर बाइक सीजी 17 केजेड 2521 में सवार होकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान देर रात लगभग 1:50 बजे आसना जंगल के पास एनएच 30 में विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक एपी 39 यू 1333 और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में पीयूष के सिर और शरीर में गम्भीर चोट लगी, जिसकी वजह से वह गम्भीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। घटना के बाद किसी ने इसकी जानकारी घायल पीयूष के बड़े भाई को दी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचकर घायल को एम्बुलेंस 108 की मदद से तत्काल ही मेकॉज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक पीयूष के शव का आज सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### चार ईनामी सहित 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अलग-अलग इलाकों में सक्रिय 26 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला लिया है। इन नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय के सामने आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वालों में कई नक्सली कई वर्षों से संगठन से जुड़े थे और विभिन्न हिंसक घटनाओं में शामिल रहे हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में तीन नक्सलियों पर कुल 4 लाख 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इनका नाम सुरक्षा एजेंसियों की वांछित सूची में शामिल था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत आवश्यक सहायता और सुविधा प्रदान की जाएगी। पुलिस अधिक्षक गौरव रॉय ने बताया कि यह कार्रवाई सुरक्षा बलों और प्रशासन की संयुक्त रणनीति का परिणाम है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने भी स्वीकार किया कि वे हिंसा और भटकाव से तंग आकर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं। पुलिस और प्रशासन ने सभी का स्वागत करते हुए उन्हें बेहतर भविष्य का आश्वासन दिया है।

## कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अमल : सीएचसी मगरलोड में हो रहे सुरक्षित सिजेरियन प्रसव

#### उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का हुआ सीएचसी में सुरक्षित प्रसव

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन से सुरक्षित प्रसव कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने इन स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी निर्देशित किया है। कलेक्टर के निर्देश पर अमल करते हुए सीएचसी मगरलोड में आज उच्च जोखिम दो गर्भवती महिलाओं का ऑपरेशन से सुरक्षित प्रसव कराया गया। इनमें ग्राम कुण्डेल की श्रीमती भानमती यादव और मगरलोड की श्रीमती नंदनी सिन्हा है। श्रीमती भानमती यादव का छः साल के बाद प्रथम प्रसव हुआ है। उन्हें ओलिगो हाइड्रो मिनास अर्थात गर्भ में पानी की कमी होने के कारण ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव किया गया, बच्चे का वजन तीन किलोग्राम का है और जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ है। वहीं श्रीमती नंदनी सिन्हा का प्रसव समय आने के बाद भी सामान्य प्रसव नहीं हो पा रहा था और म्यूकोनियम पास हो गया था, जिससे बच्चा खतरे की स्थिति में था। इनका भी ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव किया गया, बच्चा 2.6 किलोग्राम का है और जच्च-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक ने बताया कि दोनों उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की सूचना खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारदा ठाकुर द्वारा उन्हें दी गई। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जिला से एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट डॉ.टी.आर. ध्रुव को लेकर मगरलोड सीएचसी पहुंचे, जहां पहले से ही ऑपरेशन की तैयारी में मगरलोड के डॉ. महेश शर्मा थे। एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट डॉ ध्रुव के पहुंचते ही ऑपरेशन की गई। इससे पहले चार अप्रैल को हुए सीजेरियन प्रसव वाले जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की जानकारी डॉ.कौशिक द्वारा वार्ड में जाकर ली गई, जहां मां और बच्चा दोनों स्वस्थ है। सीएमएचओ ने सामान्य खानपान, स्वच्छता संबंधी सलाह माता को दिया। गर्मी को देखते हुए वार्ड में कूलर, पंखा, एडजास्ट को व्यवस्थित करने और साफ-सफाई पर ध्यान देने के निर्देश खण्ड चिकित्सा अधिकारी को दिए।

# मनोविकास केंद्र एवं वृद्धाश्रम में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन व अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वाटिका वृध्दा आश्रम एवं मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार में सोमवार को चिकित्सा विभाग के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अमिता जायसवाल ने मनोविकास में प्रदाय की जा रही सुविधाओं, थैरेपी आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की।साथ ही उपस्थित अभिभावकों से चर्चा की। जायसवाल द्वारा नालसा एक्ट अंतर्गत बच्चों एवं शिक्षकों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी गई। जायसवाल ने वृध्दाश्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिको से मुलाकात करते हुए बताया कि 7 अप्रैल को हम विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रहे हैं, जो न केवल स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि हमें इस पर गंभीरता से विचार करने का अवसर भी देता है। स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है, जो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य केवल रोग या कमजोरी की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह एक व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति की सम्पूर्ण भलाई है। स्वस्थ समाज ही समृद्ध समाज होता है। हमारी नीतियाँ, योजनाएँ और संसाधन तभी प्रभावी हो सकते हैं जब नागरिक स्वस्थ हों। यह आवश्यक है कि हम प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध रहें। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन योजना एवम् भरण पोषण से संबंधित विधिक जानकारी से अवगत कराया गया । उन्होंने सभी वरिष्ठजनो से अपील करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें, नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं, पौष्टिक आहार लें, व्यायाम करें, और मानसिक स्वास्थ्य की भी उतनी ही चिंता करें। शिविर में ग्रामीण चिकित्सा सहायक अविनाश केशरवानी, नोडल आफिसर सोशल वेलफेयर आशा शुक्ला,सीनियर स्पेशल एजुकेटर सुशील पटेल नेत्र चिकित्सा सहायक वेगेश्वर यदु नेत्र चिकित्सा सहायक, स्टाफ नर्स प्रमीला जांगड़े, ललित साहू, आरती कश्यप, सुमन, मनीषा, रोहित वर्मा, देवेन्द्र बंजारे, शिवकुमार पैकरा, लोकेश्वर बंजारे सहित पैरालीगल वालिटियर्स दुर्गेश वर्मा उपस्थित रहे।

### जिला चिकित्सालय में शुरू किया गया ''ब्रेन हेल्थ क्लिनिक सेवा''

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में ''ब्रेन हेल्थ क्लिनिक'' प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में शुरू किया गया ब्रेन हेल्थ क्लिनिक'' मानसिक और तंत्रिका स्वास्थ्य की देखभाल, उनके विकारों और मस्तिष्क से संबंधित समग्र देखभाल के क्षेत्र में अत्याधुनिक सेवाएं प्रदान करेगा। इस क्लिनिक में तनाव, अवसाद, चिंता, भूलने की बीमारी, मिर्गी, पार्किंसन, सिरदर्द, अनिद्रा, स्ट्रोक के बाद की पुनर्वास सेवाएं और अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्या का उपचार किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. देश दीपक ने बताया कि ''ब्रेन हेल्थ क्लिनिक'' का उद्देश्य मस्तिष्क स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए लोगों को बेहतर जीवन जीने के लिए सहयोग देना है। आधुनिक तकनीकों और अनुभवी विशेषज्ञों टीम के साथ उपस्थित चिकित्सक मानसिक स्वास्थ्य से ग्रस्त मरीजों का समग्र वैज्ञानिक संवेदनशील देखभाल करेंगे। ''ब्रेन हेल्थ क्लिनिक'' नीति आयोग और जिला प्रशासन की एक सराहनीय पहल है।

## व्यापार समाचार

### आरबीआई एमपीसी बैठक आज से शुरू, रेपो रेट में हो सकती है 25 आधार अंकों की कटौती

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक सोमवार से शुरू हो गई है और बुधवार (9 अप्रैल) को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की ओर से इस बैठक के फैसलों का ऐलान किया जाएगा। एसबीआई रिसर्च ने कहा कि आरबीआई एमपीसी रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकती है। फरवरी से शुरू हुई इस रेट कट साइकिल में कम से कम 100 आधार अंकों की ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया, फरवरी 2026 से मार्च 2026 के बीच रेपो रेट में 100 आधार अंक की कटौती हो सकती है। ऐसा ही कटौती ईबीएलआर और 60 आधार अंक की कटौती एमसीएलआर में संभव है। आरबीआई एमपीसी के फैसलों का ऐलान 9 अप्रैल किया जाना है। इसमें रेपो रेट पर निर्णय के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति से जुड़ी अहम जानकारियां भी दी जाएंगी। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में खुदरा महंगाई दर गिरकर 3.8 प्रतिशत रह सकती है, जो कि वित्त वर्ष 25 में औसत महंगाई दर 4.6 प्रतिशत रह सकती है। वित्त वर्ष 26 में औसत खुदरा महंगाई दर 3.9 से 4.0 प्रतिशत रहने की संभावना है। वहीं, मुख्य महंगाई दर 4.2 से 4.3 प्रतिशत रह सकती है। रिपोर्ट में कहा, सितंबर/अक्टूबर तक हेडलाइन महंगाई दर नीचे की ओर रहेगी, लेकिन उसके बाद बढ़ सकती है। अमेरिका ने कई अर्थव्यवस्थाओं पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है जो भारत से भी अधिक है। इससे इन देशों द्वारा भारत में डंपिंग करने का डर बढ़ेगा, जिससे महंगाई कम होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 26 में तरलता अधिशेष रहने की संभावना है, जिसे कई कारकों का समर्थन प्राप्त होगा, जिसमें ओएमओ खरीद, आरबीआई का डिविडेंड ट्रांसफर, वित्त वर्ष 26 में करीब 25-30 अरब डॉलर का बीओपी (बैलेंस ऑफ पेमेंट) सरप्लस शामिल हैं।


### स्विगी को मिले 165 करोड़ रुपये की वैल्यू के टैक्स डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑनलाइन फूड और ग्रोसरी डिलीवरी कंपनी स्विगी एक बार फिर से टैक्स डिमांड नोटिस का सामना कर रही है। कंपनी को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए दो टैक्स असिसमेंट ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि इन दोनों नोटिस में 165 करोड़ रुपये के टैक्स की मांग की गई है। स्विगी ने बताया कि एक नोटिस पुणे के प्रोफेशन टैक्स ऑफिसर की ओर से प्राप्त हुआ है। इसमें 7.59 करोड़ रुपये की टैक्स की मांग की गई है आदेश में कंपनी पर आरोप लगाया गया है कि कंपनी कर्मचारियों के वेतन से प्रोफेशन टैक्स की उचित कटौती करने में विफल रही, जो कि महाराष्ट्र राज्य व्यवसाय, व्यापार, कॉलिंग एवं रोजगार कर अधिनियम, 1975 के तहत आवश्यक है। हालांकि, स्विगी ने कहा कि उसके पास आदेश को चुनौती देने के लिए मजबूत आधार हैं और वह समीक्षा या अपील दायर करने की योजना बना रही है। स्विगी ने अपनी फाइलिंग में कहा, कंपनी का मानना है कि उसके पास आदेश के खिलाफ मजबूत तर्क हैं और वह समीक्षा/अपील के माध्यम से अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मुद्दे का उसके वित्त या परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। स्विगी को यह नोटिस ऐसे समय पर मिला है, जब कुछ दिनों पहले ही कंपनी को बेंगलुरु के इनकम टैक्स ऑफिस से 158 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड नोटिस मिला था। यह टैक्स डिमांड नोटिस व्यापारियों को दिए जाने वाले कैंसिलेशन चार्जेज जैसे मुद्दों से जुड़ा है। इसमें आयकर रिफंड से प्राप्त ब्याज आय भी शामिल है, जिसे लेकर अधिकारियों ने दावा किया है कि उसे उचित तरीके से घोषित नहीं किया गया था। स्विगी ने कहा कि उसे अपनी कानूनी स्थिति पर पूरा भरोसा है और वह इस टैक्स डिमांड नोटिस के खिलाफ अपील करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। प्रोफेशन टैक्स मामले की तरह ही कंपनी ने कहा कि इस आदेश से भी उसके वित्तीय या दिन-प्रतिदिन के कामकाज पर कोई बड़ा प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### देश की दिग्गज फार्मा कंपनी की मुश्किलें बढ़ी, आईटी डिपार्टमेंट ने भेजा 2,395 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश की दिग्गज फार्मा कंपनी डॉ रेड्डी लेबोरेटरीज को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से 2,395 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड नोटिस मिला है। यह नोटिस डॉ रेड्डी होल्डिंग लिमिटेड (डीआरएचएल) के साथ विलय को लेकर है। डॉ रेड्डी लेबोरेटरीज ने शनिवार को रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि कंपनी को 4 अप्रैल, 2025 को हैदराबाद के असिस्टेंट इनकम टैक्स कमिश्नर के ऑफिस से टैक्स नोटिस प्राप्त हुआ है। नोटिस में सवाल किया गया है कि विलय के दौरान टैक्स से बचने वाली आय का आकलन क्यों न किया जाए। डीआरएचएल के डॉ रेड्डीज लेबोरेटरीज में विलय को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), हैदराबाद द्वारा 5 अप्रैल, 2022 को मंजूरी दी गई थी। हालांकि, स्वीकृत योजना के अनुसार विलय 1 अप्रैल 2019 से प्रभावी हुआ। फाइलिंग के अनुसार, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 2,395.81 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस दिया है। नोटिस का जवाब देते हुए डॉ रेड्डीज ने कहा कि विलय में सभी कानूनी और टैक्स-संबंधी प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। कंपनी ने कहा कि उनका विश्वास है कि विलय में ऐसी कोई भी आय नहीं बचाई गई है, जिस पर टैक्स नहीं दिया गया है। कंपनी ने आगे कहा, इस विलय में इनकम टैक्स एक्ट सहित सभी कानूनी आवश्यकताओं का पूर्ण अनुपालन किया गया है। डॉ रेड्डीज लेबोरेटरीज ने कहा कि वह फिलहाल नोटिस को रिव्यू कर रहे हैं और अथॉरिटी को जरूरी जानकारी के साथ जवाब देंगे। कंपनी ने कहा, विलय समझौते के अनुसार, कंपनी के प्रमोटर विलय से उत्पन्न होने वाली किसी भी देनदारी को वहन करने के लिए जिम्मेदार हैं। विलय के कारण टैक्स-संबंधी कोई भी समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में उन्हें कंपनी और उसके अधिकारियों को संरक्षण और सहायता प्रदान करना आवश्यक है। इसके अलावा कंपनी ने आश्वासन दिया कि वह मामले को गंभीरता से ले रही है और कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार इसे संभालेगी। डॉ रेड्डीज लेबोरेटरीज का शेयर शुक्रवार को 3.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,114 रुपये पर बंद हुआ था।

# इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता के लिए लगाया गया जुर्माना?



**हैदराबाद( एजेंसी )।** गुजरात टाइटन्स के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने आईपीएल 2025 में अपने अभियान की अब तक निराशाजनक शुरुआत की है. दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अब तक 3 मैचों में 97 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया है. हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम के हालिया मैच में, उनकी परेशानियों को और बढ़ाते हुए, 36 वर्षीय खिलाड़ी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया है. आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है, गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है. इसमें कहा गया है, इशांत शर्मा ने अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया. आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला आखिरी और बाध्यकारी है. बीसीसीआई की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 में क्रिकेट उपकरण या कपड़े के मैदान के उपकरण को नुकसान पहुंचाना शामिल है. आईपीएल के इस नियम में लिखा है, अनुच्छेद 2.2 में सामान्य क्रिकेट गतिविधियों के बाहर की कोई भी कार्रवाई शामिल है, जैसे विकेटों को मारना या लात मारना और कोई भी ऐसी कार्रवाई जो जानबूझकर या लापरवाही से की गई हो. विज्ञापन बोर्ड, बाउंड्री फेंस, ड्रेसिंग रूम के दरवाजे, शीशे, खिड़कियां और अन्य फिक्स्चर और फिटिंग को नुकसान पहुंचाती है. उदाहरण के लिए, यह अपराध बिना किसी सीमा के तब किया जा सकता है, जब कोई खिलाड़ी हताशा में अपने बल्ले को जोर से घुमाता है और विज्ञापन बोर्ड को नुकसान पहुंचाता है. बता दें कि, इशांत शर्मा को किस संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए दंडित करने के साथ-साथ 1 डिमेरिट प्वाइंट दिया गया है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो. हो सकता है कि उन्होंने ड्रेसिंग रुम में कुछ नुकसान पहुंचाया हो. इस मैच की बात करें तो रविवार को मोहम्मद सिराज के सनसनीखेज प्रदर्शन की बदौलत गुजरात ने जीत की हैट्रिक पूरी की. (4/17) के सिराज के स्पेल ने जीटी को एसआरएच को 7 विकेट से हराने में मदद की. उनके चार विकेट लेने की बदौलत टीम ने एसआरएच को 152/8 पर रोक दिया. शुभमन गिल ने 61 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने क्रीज पर रहने के दौरान 49 रन बनाए.

## हैदराबाद को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंची गुजरात मोहम्मद सिराज बने प्लेयर ऑफ द मैच

**हैदराबाद( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 के 19वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया है. हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में हैदराबाद ने पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए. गुजरात की टीम ने कप्तान शुभमन गिल और वाशिंगटन सुंदर की शानदार पारियों के चलते 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 153 रन बनाकर मैच को जीत लिया. यह गुजरात की आईपीएल 2025 में 4 मैचों में तीसरी जीत है, इस जीत के साथ ही जीटी की टीम प्वाइंट्स टेबल में 6 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर आ गई है. वहीं अगर हैदराबाद की टीम की बात करें तो




यह उनकी 5 मैचों में चौथी हार है. एसआरएच की टीम 2 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में सबसे अंतिम यानी 10वें पायदान पर बनी हुई है. हैदराबाद से जीत के लिए मिले 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने शुभमन गिल और साई सुदर्शन आए. सुदर्शन 5 रन पर शमी का शिकार बने लेकिन शुभमन गिल ने धमाकेदार अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को जीत दिला दी. उनका साथ वाशिंगटन सुंदर और इम्पैक्ट प्लेयर शेरफेन रदरफोर्ड ने दिया. गुजरात के लिए गिल ने 43 बॉल पर 9 चौकों की मदद से 60 रनों की नाबाद पारी खेली. संदुर ने 29 बॉल पर 5 चौके और 6 छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली. वह अपना अर्धशतक लगाने से चूक गए. रदरफोर्ड ने 16 बॉल में 6 चौके और 1 छक्के के साथ 35 रनों की नाबाद पारी खेली और गिल के साथ मैच जीता दिया. हैदराबाद के लिए मोहम्मद शमी ने 2 और पैट कमिंस ने 1 विकेट लिया. इससे पहले हैदराबाद की टीम 152 रन ही बना पाई. टीम के लिए नीतीश कुमार रेड्डी ने 31 और हेनरिक क्लासेन ने 27 रन बनाए.

## स्टार भारतीय शूटर रुद्राक्ष पाटिल ने रचा इतिहास, शूटिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल पर साधा निशाना

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पूर्व विश्व चैंपियन भारत के स्टार शूटर रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल ने इतिहास रच दिया. रुद्राक्ष ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में पहले शूटिंग विश्व कप चरण के चौथे दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 अंक हासिल कर अपना दूसरा व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ वर्ल्ड कप गोल्ड मेडल जीता. युवा भारतीय चैंपियन को हंगरी के महान और बेहतरीन फॉर्म में चल रहे राइफल शूटर इस्तवान पेनी ने लगातार परेशान किया, जिन्होंने कुछ दिन पहले पुरुषों की 3क्ष स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन जब जरूरत पड़ी तो भारतीय निशानेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया. अर्जेंटीना के मार्सेलो



जूलियन गुटिरेज ने 24 शॉट के आठ पुरुषों के फाइनल में 22वें शॉट के बाद ब्रॉन्ज मेडल जीता, उस समय उनका स्कोर 230.1 था, जो पेनी से 0.4 और लीडर पाटिल से 1.6 पीछे था. इसके साथ ही भारत अब चीन के साथ प्वाइंट्स टेबल में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है, दोनों देशों ने अब तक समान 2 गोल्ड, 1 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता है. अभी आठ और फाइनल खेले जाने हैं. यूएसए ने भी 2 स्वर्ण जीते हैं और तीसरे स्थान पर है जबकि हंगरी ने भी 2 स्वर्ण जीते हैं. पुरुषों की एयर राइफल क्वालीफिकेशन में दो रिले थीं और भारतीयों ने दोनों में शीर्ष स्थान हासिल किया, अर्जुन बाबूता ने अपने 60 शॉट्स में 634.5 का शानदार स्कोर बनाया, जो पहले रिले में सर्वश्रेष्ठ था. रुद्राक्ष ने 633.7 के प्रभावशाली स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए कुल मिलाकर दूसरा स्थान हासिल किया. पदक की दौड़ में तीसरे भारतीय हृदय हजारिका ने दूसरे रिले में 624.6 का स्कोर बनाया और कुल मिलाकर 22वें स्थान पर रहे.

# चीन जैसे कुछ देश अपनी मुद्राओं का कर सकते हैं अवमूल्यन : नीलकंठ मिश्रा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का वैश्विक बाजारों पर असर देखने को मिला। टैरिफ के इन प्रभावों के बाद एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा ने सोमवार को कहा कि चीन जैसे कुछ देशों के पास मौजूदा परिदृश्य में अपनी मुद्राओं का अवमूल्यन करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लागू किए गए टैरिफ से वैश्विक बाजार हिल गए हैं, क्योंकि दूसरे देश इन सख्त व्यापार उपायों का जवाब देने की योजना बना रहे हैं। मुख्य अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा ने कहा कि चीन के व्यापार अधिशेष में कमी और टैरिफ के अर्थव्यवस्था पर प्रभाव को देखते हुए देश युआन का अवमूल्यन करने के लिए मजबूर हो सकता है। करेंसी वॉर का जोखिम अधिक है और एक बार अवमूल्यन शुरू होने के बाद, स्थिति ऐसे वातावरण में बदल सकती है, जहां आगे के लिए कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकेगा। मिश्रा ने बताया कि इससे



वैश्विक वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता पैदा होगी, क्योंकि देशों के बीच व्यापार संतुलन बदलेगा और निर्यात सब्सिडी और मुद्रा अवमूल्यन जैसे औद्योगिक नीतिगत उपाय लागू होंगे। मिश्रा के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के उद्देश्य आर्थिक नहीं बल्कि राजनीतिक हैं, जो बहुपक्षीय समझौतों से हटकर द्विपक्षीय समझौतों की ओर बढ़ते हुए वैश्विक व्यापार गतिशीलता को नया आकार देना चाहते हैं। हालांकि कुछ टैरिफ पर बातचीत कर उन्हें कम किया जा सकता है, लेकिन अन्य टैरिफ बने रह सकते हैं, जो राजस्व सृजन के लिए एक उपकरण के रूप में काम करेंगे और वैश्विक व्यापार में अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को बनाए रखेंगे। मिश्रा के अनुसार, भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता वैश्विक आर्थिक मंदी की संभावना है, जो निवेशकों के विश्वास को कम कर सकती है। खासकर वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के कम इक्विटी जोखिम प्रीमियम के साथ वित्तीय बाजारों पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि राजकोषीय और विनियामक सहजता के साथ-साथ आरबीआई द्वारा निर्णायक मौद्रिक नीति के कारण भारत कई दूसरी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर स्थिति में है। दलाल स्ट्रीट पर सोमवार को वैश्विक बिकवाली के बाद शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई, क्योंकि अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ के बीच व्यापार युद्ध (ट्रेड वॉर) की आशंका बढ़ गई है।

## अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने खासियतों में उन्नत बेहतरी के साथ गतिशीलता अनुभव को और शानदार बनाया

**बैंगलोर:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि उसने अर्बन क्रूजर हाइराइडर की खासियतें बेहतर (फीचर अपग्रेड) की हैं। ये खासियतें सुरक्षा, आराम और सुविधा को नये सिरे से परिभाषित करती हैं। नवीनतम बेहतरी ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ड्राइविंग अनुभव को शानदार बनाने के लिए इसमें मूल्यवान फीडबैक और उभरते बाजार रुझानों को शामिल किया गया है। भारत की पहली सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी के रूप में व्यापक तौर पर प्रशंसित और लोकप्रिय, अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने पहले ही एक लाख गाड़ियों की बिक्री का रिकार्ड छू लिया है। यह अपनी अभिनव तकनीक, ईंधन की असाधारण किफायत, गतिशील प्रदर्शन और प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव के साथ दिल जीतना जारी रखता है।

अर्बन क्रूजर हाइराइडर के प्रमुख परिवर्तन में निम्नलिखित शामिल हैं:

सुरक्षा: बेहतर सुरक्षा के लिए सभी रूपांतर (वेरिएंट) में संरचनात्मक सुधार किए गए हैं।

सभी वेरिएंट में अब 6 एयरबैग मानक हैं। इससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ जाती है।

अतिरिक्त सुविधा और सुरक्षा के लिए कुछ वेरिएंट में इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक (ईपीबी) को स्वचालित ट्रांसमिशन में जोड़ा गया है।

प्रदर्शन:

नया 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (6एटी) एडब्ल्यूडी रूपांतर में पिछले 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स की जगह लेता है।

## शब्द सामर्थ्य -011

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 010 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## सू- दोकू क्र.011

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.010 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 09 अप्रैल 2025

**शहीद राजीव पाण्डेय की जयन्ती 11 अप्रैल को प्रातः 10 बजे मूर्ति के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वाधान में शहीद राजीव पाण्डेय की जयन्ती दिनांक 11 अप्रैल 2025 को प्रातः 10 बजे राजधानी शहर रायपुर के संजय नगर टिकरापारा में स्थित शहीद राजीव पाण्डेय की मूर्ति के समक्ष उनका नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक-6 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।



## 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' : माताओं और नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य को समर्पित विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया

**नवा रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, नवा रायपुर में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' थी, जो माताओं और नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य पर केंद्रित रही।

कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के लेक्चर हॉल में IAPSM विश्व स्वास्थ्य दिवस अंडरग्रैजुएट क्विज 2025 का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल देशभर के एमबीबीएस छात्रों को स्वास्थ्य से जुड़े विषयों के प्रति जागरूक करना था, बल्कि समाज को भी एक बेहतर और स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

प्रतियोगिता, जिसमें प्रथम वर्ष के एमबीबीएस छात्रों की छह टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में तीन छात्र सम्मिलित थे। इस दौर के पश्चात चार शीर्ष टीमों का चयन अंतिम राउंड के लिए किया गया।





फाइनल राउंड में चार गहन चरणों के पश्चात आफ़ताब खान, झरोखा नायक और वर्णिका सिंह की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार प्रो. (डॉ.) कुंदन ई. गेडाम (डीन) द्वारा प्रदान किए गए।

इस सफल आयोजन का संचालन डॉ. मनीष प्रसाद, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विभाग, तथा डॉ. यीशा वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. केशव देवांगन ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर संस्थान के एमबीबीएस छात्र, समस्त संकाय सदस्यगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्व स्वास्थ्य दिवस, हमें यह स्मरण कराता है कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। यह दिन केवल चिकित्सकों या स्वास्थ्यकर्मियों के लिए नहीं, बल्कि हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आता है- स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम एक उज्ज्वल और आशापूर्ण भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।

## श्री आदिनाथ धार्मिक विद्या पाठशाला ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्ध जनो को भोजन कराया




**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री आदिनाथ धार्मिक विद्या पाठशाला द्वारा वृद्धाश्रम पहुंचकर सभी वृद्धजनों निवासियों को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया। यह कार्यक्रम भगवान महावीर जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर माँ गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम, ग्राम गोमची, रायपुर (छ.ग.) में आयोजित किया गया। तारा संस्थान, उदयपुर (राज.) के निर्देशन में संचालित इस वृद्धाश्रम की स्थापना रायपुर में एक वर्ष पूर्व की गई थी। यहाँ लगभग 50 वृद्धजन निवासरत हैं। इस आश्रम में सभी का विशेष स्नेह और देखभाल के साथ ध्यान रखा जाता है।


इस कार्यक्रम से सभी में हर्ष और संतोष की भावना देखने को मिली। वृद्धजनों की सेवा के प्रति प्रेम और समर्पण यह सच्ची सेवा का उदहारण है । तारा संस्थान, उदयपुर के समर्पण और सेवा की भावना के लिए वे विशेष रूप से तारीफ के पात्र हैं साथ ही वह भी धन्यवाद के पास रहें जिन्होंने अपना सहयोग देकर इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में अपना योगदान दिया उनकी नि:स्वार्थ सेवा एवं समर्पण प्रशंसा के योग्य है। **-संध्या जैन**




## यदि आपको भी है दर्द की समस्या तो जैनम पेन क्लीनिक में मिलेगी आपको राहत





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आमतौर पर शरीर में किसी भी जगह दर्द होने पर लोग आस-पास के दवाई दुकानों से दवा लेकर खा लेते है। कई ऐसे दर्द हैं जो लंबे इलाज के बाद भी ठीक नहीं होते हैं। जैनम पैन क्लीनिक नासूर बन चुके ऐसे दर्द से राहत दे रहा है। यह क्लीनिक वीसीएच हॉस्पिटल जीवन विहार सृष्टि एस प्लाजो के सामने खुल चुका है यहां डॉक्टर निखिल जैन पेन फिजिशियन है। जो आपकी सेवा में उपलब्ध रहेंगे साथी डॉक्टर शेफाली जैन आपके दातों की समस्याओं को निराकरण करने के लिए उपलब्ध रहेंगी। खास चर्चा में डॉक्टर निखिल जैन ने बताया कि कई ऐसे दर्द होते हैं जो की काफी लंबे समय तक नासूर की तरह परेशान करते रहते हैं उन्हें वह इंजेक्शन के माध्यम से ठीक करते हैं और मरीजों को राहत दिलाते हैं साथ ही डॉक्टर शेफाली जैन ने बताया कि मुख से जुड़ी कई ऐसी समस्याएं होती हैं जो अमूमन काफी परेशान करती हैं जैसे कि दांतों में पीलापन, मसूड़े में दर्द इत्यादि उनका वह निराकरण कर मरीजों को राहत दिलाता है। डॉक्टर निखिल जैन ने बताया कि वह संध्या 5:00 बजे से लेकर 8:00 बजे तक मरीजों के लिए उपलब्ध रहेंगे साथ ही डॉक्टर शेफाली जैन ने बताया कि वह सुबह 10:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक मरीज के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के डंगनिया स्थित औषधालय में नि:शुल्क लीवर जॉच परीक्षण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के डंगनिया स्थित औषधालय द्वारा कंपनी के कर्मचारियों-अधिकारियों हेतु नि:शुल्क लीवर जॉच परीक्षण का आयोजन 8 अप्रैल को किया गया। इस सुविधा का लाभ लगभग 100 लोगों ने लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचएल पंचारी ने बताया कि शिविर में जाइडस कंपनी के तकनीशियन द्वारा लोगों का परीक्षण कर उपचार एवं दवाइयों के संबंध में भी जानकारियां दी। लीवर जॉच संबंधी शिविर औषधालय में प्रथम बार आयोजित किया गया अत: अधिकारी- कर्मचारियों में इस शिविर को ले कर उत्सुकता थी। शिविर का उद्देश्य कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों को जागरूक बनाना और जॉच सुविधा उपलब्ध करवाना था। यह परीक्षण बाहर 3000 से 7000 रूपये में किया जाता है, जिसे हमने नि:शुल्क उपलब्ध कराया।



शिविर में परीक्षण हेतु फाइब्रोस्कैन जॉच की सुविधा उपलब्ध थी। जिसके तहत लीवर की कठोरता, फैटी लीवर, लीवर फाइब्रोसिस, लीवर सिरोसिस, लीवर में घाव, लीवर में वसायुक्त परिवर्तन का परीक्षण कर प्रारंभिक पहचान किया जा सकता है। फाइब्रोस्कैन की सहज प्रक्रिया से कई अन्य बीमारियों से भी बचा जा सकता है।

शिविर में औषधालय की टीम से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ इन्दू साहू, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ निलेश सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ श्वेता जैन उपस्थित थे।

## सिपेट रायपुर के NSS विशेष शिविर का भव्य समापन, समाज सेवा की मिसाल बना धनेली ग्राम

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स्) के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर का सफल और प्रेरणादायक समापन शासकीय नवीन प्राथमिक शाला, धनेली में सम्पन्न हुआ। दिनांक 29 मार्च से 4 अप्रैल 2025 तक आयोजित इस शिविर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, साइबर क्राइम, स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना जैसे अति महत्वपूर्ण विषयों पर गहन कार्य किया गया।



**उद्घाटन से समापन तक जनसेवा में समर्पित रहे स्वयंसेवक**- शिविर का शुभारंभ सरपंच श्री लोकेश नवरंगे जी एवं उपसरपंच हिमांशु वर्मा जी सहित कार्यक्रम अधिकारी श्री दिलीप कुमार साहू जी सहित सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व ग्राम वासियों के सादर उपस्थिति में संपन्न हुआ एवं समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आलोक साहू (प्रधान निदेशक, सिपेट रायपुर), विशिष्ट अतिथि सरपंच श्री लोकेश नवरंगे, पूर्व सरपंच श्रीमती मंटोरा साहू, कार्यक्रम अधिकारी श्री दिलीप कुमार साहू एवं सैकड़ों ग्रामवासियों ने इस सामाजिक भव्य आयोजन के साक्षी बने।

**प्रभात फेरी बनी जनजागरण की शक्ति**- हर सुबह गूंजे नारे- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त गाँव, स्वच्छ गाँव, प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ। दल नायक रितेश कुमार कुर्रे के नेतृत्व में निकली प्रभात फेरियों ने पूरे गांव में चेतना की अलख जगा दी। स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, यातायात नियमों से लेकर प्लास्टिक रीसाइक्लिंग जैसे विषयों पर जन-जागृति फैलाई गई।

**सकारात्मक परिवर्तन की ओर ग्रामवासी**- शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव के प्रमुख स्थलों- विद्यालय, मंदिर परिसर, तालाब और बाजार की सफाई कर स्वच्छता का सशक्त संदेश दिया। गांव का सर्वेक्षण कर स्थानीय समस्याओं को भी समझा गया। वहीं विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य शिविर, छ्क्कक्र प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति व प्राथमिक उपचार पर सशक्त, आग एवं आग से बचाओ पर व्याख्यान दिए गए।

**खेलों में दिखा बच्चों का जोश**- छात्रों के लिए आयोजित देशी खेलों कुर्सी दौड़, पिट्ठुल, रिले रेस, कबड्डी, खो-खो, फुगड़ी आदि ने शिविर में उत्साह का नया रंग भर दिया। विजेताओं को शिविर के समापन दिवस पर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**समाज सेवा से मिला आत्मिक संतोष**- इस विशेष शिविर ने छात्र- छात्राओं को समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का अनुभव कराया और सेवा भाव की भावना को गहराई से आत्मसात कराया। ग्रामवासियों और सरपंच श्री लोकेश नवरंगे ने इस पहल की हृदय से प्रशंसा करते हुए भविष्य में ऐसे शिविरों के पुन: आयोजन की इच्छा जताई।

## रायपुर के 100 से अधिक रोटेरियंस रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने दुर्ग जाएंगे

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद व् पूर्व प्रांतपाल रोटे विवेक तन्खा जी है। आरंभ मित्रता का- केवल एक स्लोगन नही बल्कि प्रत्येक रोटेरियंस की मूल भावना है।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 का प्रशिक्षण शिविर 12-13 अप्रैल को दुर्ग के रोमन पार्क में रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह ट्रेनिंग शिविर हमारी मित्रता का आरंभ ही नहीं है साथ ही- यह उस दिशा का निर्धारण है, जहाँ से हमारा नया वर्ष, हमारे नए विचार, नई सोच और हमारी नई प्रतिबद्धताएँ आकार लेंगी।

आरंभ मित्रता का- केवल एक थीम नहीं, बल्कि हम रोटेरियंस की मूल भावना है। क्योंकि सेवा का हर कदम मित्रता से शुरू होता है- और जब उद्देश्य साझा हो, तो हर सदस्य साथी बन जाता है। इस आरंभ मित्रता का प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत जानकारी रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चैयरमैन रोटे नितिन जैन द्वारा प्रेस रिलीज़ के माध्यम से दी।

वर्ष 2025-26 के निर्वाचित रोटरी डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोटे अमित जयसवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उड़ीसा के 150 से अधिक रोटरी क्लब के अध्यक्ष, सचिव के साथ 500 से अधिक रोटेरियन इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में रोटरी के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्यों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित होगी। शिविर में इस विषय पर गहन चर्चा की जाएगी कि रोटरी के कार्यों को और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद रोटे विवेक तन्खा, पूर्व प्रांतपाल कमल संघवी, नेपाल से विशेष आमंत्रित रोटे बासुदेव गोलियन, भुवनेश्वर से रोटे देवाशीष मिश्रा, डिस्ट्रिक्ट 3262 प्रांतपाल मनोज त्रिपाठी (25-26) पूर्व प्रांतपाल अनिल अग्रवाल, पूर्व प्रांतपाल मोहन पलेसा, पूर्व प्रांतपाल उल्लास कोल्हटकर, रोटे जे.पी. काबरा, रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर अध्यक्ष रोटे संदीप अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी (25-26) रोटे सोमनाथ अग्रवाल, रोटे सुशील अग्रवाल रामदास, रोटे अजीत खंडेलवाल सहित अन्य प्रमुख अतिथि उपस्थित रहेंगे।

यह प्रशिक्षण शिविर पूर्व प्रांतपाल रोटे शांशक रस्तोगी के निर्देशन में, प्रशिक्षण शिविर के चैयरमैन रोटे मयंक रोजनदार एवं को- चैयरमैन अंनत अग्रवाल है।

## एमएमआई नारायणा हेल्थ हॉस्पिटल ने 'किडनी क्विज़ बैटल 3.0' के साथ किडनी स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाई

**रायपुर ( विसं )।** एमएमआई नारायणा हेल्थ हॉस्पिटल, जो लोगों की सेहत के लिए काम करने वाला एक बड़ा अस्पताल है, ने हाल ही में 'किडनी क्विज़ बैटल 3.0' नाम से एक कार्यक्रम किया। इसका मकसद लोगों को किडनी (गुर्दे) की सेहत और बीमारियों से बचाव के बारे में ज़्यादा जानकारी देना था।




यह मजेदार क्विज़ प्रतियोगिता डॉ. सुनील धरमानी की देखरेख में आयोजित की गई थी। डॉ. धरमानी किडनी रोग के बड़े डॉक्टर हैं। इस क्विज़ का लक्ष्य लोगों को किडनी के काम, आम किडनी की बीमारियों, बीमारियों के खतरे, जल्दी पता लगने के फायदे और इलाज के नए तरीकों के बारे में बताना था। यह कार्यक्रम दिखाता है कि अस्पताल लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए पहले से ही कदम उठाता है और उन्हें सेहत के बारे में ज़रूरी जानकारी देने में मदद करता है। 'किडनी क्विज़ बैटल 3.0' में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कई मेडिकल कॉलेजों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सीखने और मिलकर काम करने का माहौल था, जिससे किडनी की सेहत के बारे में ज़रूरी बातें आसानी से लोगों तक पहुँचीं और उन्हें याद रहीं।

डॉ. सुनील धरमानी ने कहा, 'किडनी क्विज़ बैटल 3.0' को इतना अच्छा प्रतिसाद मिलने और लोगों के ज्ञान का स्तर देखकर हम बहुत खुश हैं। किडनी की सेहत के बारे में जागरूकता बढ़ाना बहुत ज़रूरी है ताकि किडनी की बीमारियों का जल्दी पता चल सके और उन्हें रोका जा सके। यह कार्यक्रम हमारी कोशिश है कि हम लोगों को सेहत के बारे में जानकारी दें और इस क्षेत्र में लोगों की सेहत सुधारें।

टीमों का मूल्यांकन बड़े डॉक्टरों ने किया, जिनमें किडनी रोग के विशेषज्ञ और चिकित्सा क्षेत्र के अनुभवी लोग शामिल थे।

डॉ. प्रभात पांडे, मेडिसिन विभाग के प्रमुख, एससी मेडिकल कॉलेज; डॉ. शशांक गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन, रायपुर; डॉ. आलोक राय, सीनियर कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन, रायपुर; डॉ. राजेंद्र परघानिया, सीनियर कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन, एमएमआई नारायणा हेल्थ रायपुर; डॉ. अजय सहाय, सीनियर कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन, रायपुर।

इन डॉक्टरों ने अपनी राय और जानकारी देकर प्रतिभागियों को बहुत कुछ सिखाया। कई अस्पतालों की 19 टीमों ने हिस्सा लिया, और कड़ी टक्कर के बाद फाइनल मुकाबला इन बेहतरीन टीमों के बीच हुआ। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर; पं. जेएनएम मेडिकल कॉलेज, रायपुर; श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, रायपुर; आर.एस.डी.के.एस, जीएमसी अंबिकापुर; एम्स रायपुर। इस मुकाबले में एम्स रायपुर के डॉ. ए. एस. गिरीश और डॉ. एस. मधुमिता ने क्विज़ प्रतियोगिता जीती।

एमएमआई नारायणा हेल्थ हॉस्पिटल मानता है कि इस तरह के मजेदार और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम लोगों को अपनी किडनी की सेहत का ध्यान रखने और किडनी की बीमारियों के असर को कम करने के लिए ज़रूरी कदम उठाने में मदद करते हैं। अस्पताल आगे भी इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि सेहत से जुड़ी कई तरह की चिंताओं को दूर किया जा सके।

## कम्प्यूटर तथा आई.डी. विभाग में विदाई समारोह का आयोजन : मैक

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज समता कॉलोनी रायपुर में कम्प्यूटर, साइंस तथा आई.डी. विभाग संकाय के छात्र-छात्राओं ने अपने सिनीयर्स साथियों के लिए अलोहा रॉयल एलेगेंस थीम पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्साह, भावुकता और खुशी का अनुभव सम्वन्य देखने को मिला। अलोहा यानी नमस्ते या अलविदा थीम में पारंपरिक स्वरूप में जूनियर द्वारा सभी सीनियर को विदाई दी।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम. एस. मिश्रा ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी जीवन में सकारात्मक सोच के महत्व पर बल दिया। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता तिवारी ने छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी।



सिनीयर्स का ढोल, तिलक एवं फूल के साथ पारंपरिक स्वरूप में सभी सीनियर का स्वागत किया गया। जूनियर्स द्वारा बॉलीवुड के नए पुराने गीतों से सजी नृत्य की शानदार प्रस्तुति की गई। सिनीयर्स के कॉलेज में बिताये पलो को वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

खूबसूरत अफसानें, दोस्ती, पढ़ाई यादगार लम्हों को बी.एस.सी. एवं बी. सी. ए. तथा बी. वॉक. आई.डी. के छात्र-छात्राओं ने अपनी सीनियर्स के लिए खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही गीतों की सुमधुर संगीत से पूरा वातावरण संगीतमय रंग में रंगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फैशन शो एवं थीम से आधारित प्रस्तुतियां रही। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में खूबसूरत अफसानें, दोस्ती, पढ़ाई के यादगार लम्हों का सिनीयर्स ने साझा किया।

बी.एस.सी.- मिस्टर फेयरवेल- नितेश चतुर्वेदी, मिस फेयरवेल- वंशिका, मिस्टर इव- साहूल प्रजापति, मिस इव- सौम्या।

बी.सी.ए.- मिस्टर फेयरवेल- विनीत नागपाल, मिस फेयरवेल - ताशु जैन, मिस्टर इव- श्रेयस प्रजापति, मिस इव- जागृति यादव, दि आई.टी. जेम - अवनीश पाण्डेय।

बी.वॉक. आई.डी.- मिस्टर फेयरवेल- ऋषि गावरी, मिस फेयरवेल- सुनिधि सोमानी, मिस्टर इव- अभय चंद्रा, मिस इव- शालिनि सोनकर, मिस क्रिएटिव- सरस्वती अग्रवाल।

कार्यक्रम की सफलतापूर्वक आयोजन महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर सुश्री शिवांगी मिश्रा की मार्गदर्शन में हुआ सभी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे। साथ ही साथ पूरा मैक परिवार इस कार्यक्रम में उपस्थित हुआ।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें
और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354